# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची,सोमवार , 18 मई 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल 2 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 243 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ अर्थव्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री की सात सूत्री पहल क्यों जरूरी?

समानता को स्वीकार न कर पाने की मानसिकता = सबा आजाद ◀◀ 6


## वीडी सतीशन ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, राहुल-प्रियंका रहे मौजूद



**एजेंसी/तिरुवनंतपुरम:** केरल में सोमवार को कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चो (यूडीएफ) सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जहां वीडी सतीशन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 20 सदस्यों वाली मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे सेंट्रल स्टेडियम में हुआ, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस-शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के भी इसमें शामिल हुए। मुख्यमंत्री सहित कुल 21 मंत्रियों में से 14 मंत्री ऐसे हैं, जो पहली बार मंत्री बन रहे हैं। श्री सतीशन ने रविवार को मंत्रियों की अंतिम सूची राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को सौंप दी थी। मंत्रिपरिषद में दो महिला मंत्री भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री सहित, इसमें कांग्रेस के कुल 12 सदस्य है। मंत्रियों में रमेश चेन्निथला, पीके. कुन्हालीकुट्टी, सन्नी जोसेफ, के. मुरलीधरन, मॉन्स जोसेफ, शिबू बेबी जॉन, अनूप जैकब, सी. पी. जॉन, एपी. अनिल कुमार, एन शमसुद्दीन, पीपी. विष्णुनाथ, रोजी एम जॉन, बिंदु कृष्णा, एम लिजू, टी सिद्दीकी, केएम शाजी, पीके. बशीर, वीई. अब्दुल गफूर, केए. तुलसी और ओजे. जनीश शामिल हैं। इस मंत्रिपरिषद में छह ऐसे विधायक भी शामिल हैं जो पहली बार विधायक बने हैं।

### लखीमपुर में भीषण सड़क हादसा

# ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 10 लोगों की मौत, वाहन काटकर निकाले गए शव

**नई दिल्ली:** पीलीभीत-बहराइच हाईवे पर सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। सिसैया मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक और यात्रियों से भरी बोलेरो मैक्स की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलेरो के अगले हिस्से के पूरी तरह परखच्चे उड़ गए और वाहन सड़क किनारे पलट गया।

हादसे में मौके पर ही 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने किसी तरह वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।



बताया जा रहा है कि बोलेरो मैक्स में करीब एक दर्जन लोग सवार थे, जो एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर 10 लोगों को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात बहाल कराया। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।



## सासाराम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में लगी भयानक आग, मची भगदड़

**सासाराम:** बिहार के रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, सुबह साढ़े 5 बजे ट्रेन में आग लगने की बात सामने आई। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी भी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है। समय रहते उठाए गए जरूरी कदम की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि सासाराम रेलवे स्टेशन पर सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन लगी हुई थी। इसी बीच इंजन की ओर से 5वें बोगी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और ट्रेन की एक बोगी जलकर राख हो गई। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े 5 बजे हमें सूचना मिली थी कि सासाराम पटना पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। कोई कैजुअलटी नहीं हुई है, आग लगने की सूचना पाकर पायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग पर काबू पाने के बाद ट्रेन की एक बोगी को हटाकर और समय में बदलाव कर करीब 2 घंटे के बाद रवाना करने की प्रक्रिया जारी है।




# तोरपा में पुल निर्माण साइट पर अपराधियों ने की फायरिंग, मजदूरों की एकजुटता देख बाइक छोड़ भागे

संवाददाता

**खूंटीः** रविवार देर रात तोरपा थाना क्षेत्र के सोंदारी पाकर टोली में निर्माणाधीन पुल साइट पर अपराधियों ने फायरिंग की। बाइक सवार तीन अपराधियों ने वहां मौजूद मजदूरों के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की। इसके बाद मजदूरों ने सूझबूझ के साथ एकजुटता दिखाई और अपराधियों को वहां से खदेड़ दिया।

मामले की पुष्टि करते हुए तोरपा सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ



अज्ञात अपराधियों ने निर्माण स्थल पर फायरिंग की है। पुलिस मौके से अपराधियों द्वारा छोड़ी गई अपाचे बाइक बरामद कर चुकी है और आरोपियों की पहचान के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने पीएलएफआई कनेक्शन से भी इनकार नहीं किया है।

**क्या है पूरा मामलाः** दरअसल, सोंदारी पाकर टोली से गुडगुडचुंवा तक बन रहे पुल निर्माण स्थल पर एक अपाचे बाइक से पहुंचे तीन अपराधियों ने मजदूरों के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने करीब एक दर्जन मजदूरों के मोबाइल फोन लूट लिए और दहशत फैलाने के लिए चार राउंड हवाई फायरिंग की। अचानक हुई फायरिंग से निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई।

**मजदूरों की एकजुटता का दिखा असरः** हालांकि अपराधियों के हमले के बावजूद मजदूरों ने साहस का परिचय दिया। सभी मजदूर एकजुट होकर लाठी-डंडा लेकर अपराधियों के पीछे दौड़ पड़े। मजदूरों का विरोध देख बदमाश घबरा गए और अपनी अपाचे बाइक मौके पर छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। मजदूरों की सतर्कता से एक बड़ी वारदात टल गई और निर्माण कार्य भी बाधित होने से बच गया।

**पुलिस चला रही छापेमारी अभियानः** घटना की सूचना मिलते ही तोरपा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस बरामद बाइक के जरिए अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। साथ ही लूटे गए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।बता दें कि सोंदारी पाकर टोली से गुडगुडचुंवा तक बन रहा यह पुल करीब चार करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि मामले में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन की पहल तेज

**चतराः** जिले में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पहल तेज कर दी गई है। इसी क्रम में जिले में नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित कराने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों के साथ-साथ थैलेसीमिया, कैंसर, प्रसूति एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद ने टंडवा क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोल परियोजनाओं के पदाधिकारियों को रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा से समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आमजनों से स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहायक साबित हो सकता है।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न संस्थानों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।इस संबंध में रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि थैलेसीमिया, कैंसर एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को इस मानवीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।उल्लेखनीय है कि उक्त निर्देश शनिवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान दिए गए थे।

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में महिला कैदी के गर्भवती होने का मामला, काराधीक्षक पर यौन शोषण का आरोप




**रांचीः** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में एक महिला कैदी के कथित यौन शोषण और गर्भवती होने का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन और राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप जेल अधीक्षक स्तर के अधिकारी पर लगे हैं, जिससे पूरे मामले ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जेल में बंद एक महिला कैदी ने आरोप लगाया है कि उसके साथ लगातार शारीरिक और मानसिक शोषण किया गया। बाद में उसके गर्भवती होने की बात सामने आने पर मामला और संवेदनशील हो गया। इस पूरे प्रकरण को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर सरकार और जेल प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, घटना सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई के बजाय कुछ अधिकारियों द्वारा मामले को दबाने की कोशिश किए जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि महिला कैदी को स्वास्थ्य जांच और इलाज के नाम पर कई बार जेल से बाहर ले जाया गया। आरोप यह भी है कि ऐसा संभावित मेडिकल साक्ष्यों और सबूतों को प्रभावित करने के उद्देश्य से किया गया, हालांकि इन दावों की अब तक स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

मामले को और गंभीर तब माना जा रहा है जब जेल से जुड़े कुछ कर्मचारियों और संभावित गवाहों के अचानक तबादले की चर्चा भी सामने आई। इससे पूरे घटनाक्रम को लेकर संदेह और गहरा गया है। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है।

यह मामला राज्य की जेल सुरक्षा व्यवस्था, महिला कैदियों की सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर बहस छेड़ रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि यदि जेल जैसी उच्च सुरक्षा वाली जगह पर इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। फिलहाल राज्य सरकार और जेल प्रशासन की ओर से विस्तृत आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है। वहीं राजनीतिक और सामाजिक संगठनों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी पद पर हों।

## बोकारो में वार्ड सदस्य पर जानलेवा हमला,सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**बोकारोः** रविवार रात वार्ड संख्या 13 के पार्षद मंजय साव पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। चाकू और अन्य धारदार हथियार के साथ रात करीब साढ़े दस बजे हमला किया गया। वार्ड पार्षद ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

मामला बोकारो के जरीडीह थाना क्षेत्र के टांड़ बालीडीह पंचायत स्थित न्यू शांति नगर की है। इस घटना में मंजय के सर पर चोट लगी। जिसका इलाज जरीडीह सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में किया गया। फिलहाल वो खतरे से बाहर है। घटना के बाद जरीडीह थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से आरोपी युवकों को पकड़ने में जुट गई है।

घटना के बारे में मंजय साव ने बताया कि उसके बड़े भाई की कार है, जिसके लिए शशि वर्णवाल को चालक के रूप में रखा गया है। बीती रात वह गाड़ी को डैमेज कर के लाया। इस बात को लेकर उसने शशि को कल से कार नहीं चलाने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों में बहस हुई। जिसके बाद शशि अपने कुछ साथियों के साथ करीब साढ़े दस बजे वापस आया और मंजय को अकेला देख दो हमलावरों ने हमला कर दिया। हमला होने पर मंजय घर की ओर भागा, पीछे से दोनों हमलावार भी दौड़े। किसी तरह मंजय घर का गेट खोल अंदर प्रवेश कर अपनी जान बचाई। मंजय ने कहा कि इसके पहले भी शशि कई बार वाहन एक्सिडेंट कर ला चुका है।

## फेम इंडिया-एशिया पोस्ट के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026 के सर्वे में चतरा के उपायुक्त रवि आनंद को मिली राष्ट्रीय पहचान

संवाददाता

**चतराः** फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा जारी सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026 सर्वे में वर्तमान में चतरा के जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद को देश के उत्कृष्ट जिलाधिकारियों की सूची में स्थान दिया गया है। यह पहचान उन्हें पूर्व में जामताड़ा जिले में उपायुक्त के रूप में किए गए प्रशासनिक कार्यों, जनहित आधारित पहल एवं प्रभावी नेतृत्व के आधार पर प्राप्त हुई है।फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा किए गए इस राष्ट्रीय स्तर के सर्वे में प्रशासनिक दक्षता, विकास



योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसरोकार, नवाचार, संकट प्रबंधन क्षमता, पारदर्शिता एवं जनसेवा जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर अधिकारियों का मूल्यांकन किया गया।श्री रवि आनंद ने जामताड़ा में अपने कार्यकाल के दौरान जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन, विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, प्रशासनिक समन्वय एवं आमजनों से संवाद स्थापित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए थे। वर्तमान में चतरा जिले में भी उनके नेतृत्व में विभिन्न विकास योजनाओं, सड़क सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है।बताते चलें कि फेम इंडिया एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित मीडिया एवं सर्वे संस्था है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का मूल्यांकन कर विशेष सर्वे एवं रैंकिंग जारी करती है। फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा किए गए इस सर्वे में देशभर के जिलाधिकारियों एवं उपायुक्तों का मूल्यांकन विशेषज्ञों की राय, प्रशासनिक कार्यशैली, विकास कार्यों, जनसरोकार, मीडिया रिपोर्ट एवं जनप्रतिसाद सहित विभिन्न मानकों के आधार पर किया गया।उल्लेखनीय है कि फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा जारी यह सर्वे देशभर में बेहतर प्रशासनिक कार्य करने वाले जिलाधिकारियों एवं उपायुक्तों के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जाता है।

## मोबाइल छिनतई की घटना में संलिप्त चार शातिर चोर गिरफ्तार



संवाददाता

**चतराः** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में चतरा शहर से रविवार को छिनतई की गई मोबाइल मामले का उद्भेदन किया है। पुलिस ने सूचना के 24 घंटे के अंदर चोरी की मोबाइल के साथ चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि बीते रविवार को चतरा शहर के केशरी चौक निवासी रितिक कुमार पे० स्व० रामजतन सिंह ने लिखित आवेदन के आधार पर मोबाईल छिनतई करने के आरोप में ईटखोरी थाना कार्ड सं0 64/26, 17.05.26 को दर्ज कराया गया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा के द्वारा कांड का उद्भेदन हेतू थाना प्रभारी ईटखोरी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में इटखोरी थाना क्षेत्र के संलिप्त अभियुक्त सागर पासवान,राहुल कुमार पासवान,मो मासुक एवं मो साजिद को गिरफ्तार किया गया। इनके निशानदेही पर छिनतई का मोबाइल और घटना में प्रयोग किये गये सफेद रंग का एक प्लसर एनएस 160 मोटर साईकिल को जप्त किया गया। तथा इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह,पुअनि विजय कुमार सिंह एवं ईटखोरी थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## 25 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार हजारीबाग भागने की फिराक में था तस्कर

संवाददाता

**चतराः** जिले में अफीम तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गिद्धौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 25 लाख रुपए मूल्य की 3 किलो 972 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जपुआ गांव निवासी रामचरण दांगी उर्फ रामचंद्र दांगी के रूप में हुई है। उसके पास से एक स्मार्टफोन और दो किलो गुड़ जैसा पदार्थ भी बरामद हुआ, जिसका इस्तेमाल अफीम का वजन बढ़ाने में किया जाना था। समाहरणालय में स्थित



कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध अफीम लेकर चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहेब के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। पुलिस टीम जब जपुआ गांव के पास पहुंची तो सड़क किनारे थैला लिए खड़ा संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। हालांकि पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से तीन प्लास्टिक पैकेट में रखी अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके से मोबाइल फोन समेत अन्य सामान जब्त कर लिया। इस मामले में गिद्धौर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक बिपिन कुमार, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री और एएसआई अशोक कुमार पांडेय शामिल थे। एसपी ने कहा कि नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## खूंटी-तोरपा मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

## सीमेंट लदा ट्रक, ट्रेलर से टकराया,ड्राइवर गंभीर

संवाददाता

**खूंटीः** खूंटी-तोरपा मुख्य मार्ग पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कुंजल मोड़ से ठीक आगे ब्रेकडाउन होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर में पीछे से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन के अंदर ही फंस गया।

घटना सुबह लगभग 4:30 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सीमेंट लदा ट्रक राउरकेला से सीमेंट लेकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान आगे सड़क पर राउरकेला से सिलीगुड़ी जा रहा एक ट्रेलर ब्रेकडाउन होने के कारण खड़ा था। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रेलर पिछले दिन से ही खराब होकर वहीं खड़ा था।

प्रत्यक्षदर्शियों और दूसरे ट्रेलर के चालक ने बताया कि सीमेंट लदे ट्रक के चालक को तेज नींद आ रही थी। आशंका जताई जा रही है कि चालक को झपकी आने के कारण वह सड़क पर खड़े ट्रेलर को नहीं देख पाया और सीधे पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला और निजी वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी पहुंचाया। चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुरहू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के कारण कुछ समय तक सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर अक्सर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है और सुबह के समय चालक थकान एवं नींद की वजह से हादसों का शिकार हो जाते हैं। लोगों ने सड़क किनारे खराब वाहनों के लिए सुरक्षा संकेतक और पर्याप्त व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

## जापान का मियाजाकी आम अब झारखंड के खूंटी में, इंटरनेशनल मार्केट में कीमत ढाई से तीन लाख रुपये किलो तक



संवाददाता

**रांची/खूंटीः** फलों का राजा कहलाने वाला आम अब झारखंड के किसानों के लिए कमाई का बड़ा जरिया बनता जा रहा है। जापान की बेहद चर्चित और दुनिया के सबसे महंगे आमों में शामिल मियाजाकी आम की खेती अब झारखंड के खूंटी जिले के मर्चा और मुरहू क्षेत्र में हो रही है। अपनी खास रंगत, स्वाद और ऊंची कीमत के कारण यह आम देश-विदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सामान्य आम जहां हरे या पीले रंग के होते हैं, वहीं मियाजाकी आम का रंग बैंगनी और लाल होता है। यह देखने में बेहद आकर्षक और स्वाद में काफी मीठा माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत ढाई लाख से तीन लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है, जबकि भारत में यह पांच हजार से 15 हजार रुपये प्रति किलो के भाव में बिकता है। खूंटी की किसान सोबती देवी ने बताया कि इस आम का पौधा ऑनलाइन कोलकाता से मंगवाया गया था। पौधा लगाने के करीब तीन साल बाद इसमें फल आने शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि बगीचे में मियाजाकी के साथ अमेरिकन पाल्मर प्रजाति के आम भी लगाए गए हैं। जून महीने में दोनों किस्म के आम पकते हैं और फल आने से पहले ही व्यापारियों द्वारा इसका ऑक्शन कर लिया जाता है। कई बार बाहर के व्यापारी पूरे बगीचे की खरीदारी कर लेते हैं। वहीं व्यवसायी सह मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने बताया कि खूंटी के कई किसान महंगे दामों पर पौधे मंगवाकर इसकी खेती कर रहे हैं। हालांकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बाहरी व्यापारी यहां आने से बचते हैं, जिससे किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि सरकार यदि ऐसे किसानों को प्रोत्साहन दे तो झारखंड के किसानों की आय में बड़ा इजाफा हो सकता है।

## गायत्री परिवार ने सदर अस्पताल के सहयोग से किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**खूंटीः** जन कल्याण और मानव सेवा की भावना को साकार करते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार ने सदर अस्पताल खूंटी के सहयोग से एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवता की जीवंत मिसाल बनकर सामने आया। सरकारी एवं निजी अस्पतालों में लगातार खून की कमी की जानकारी मिलने के बाद गायत्री परिवार के सदस्यों ने पहल करते हुए इस पुनीत कार्य का बीड़ा उठाया। शिविर में करीब 14 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जिससे ब्लड बैंक में रक्त की कमी को कुछ हद तक पूरा करने में सहायता मिलेगी।

# राज्य के 319 असिस्टेंट प्रोफेसर को आज नियुक्ति पत्र सौपेंगे मुख्यमंत्री

## रांची के प्रोजेक्ट भवन में होगा समारोह

**संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को सहायक आचार्य के पद पर नियुक्त 319 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए नियुक्त महिला पर्यवेक्षक के पदों पर नियुक्त 19 अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र देंगे। इसे लेकर प्रोजेक्ट भवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।



सहायक आचार्य के पदों पर जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना है, उनमें 158 अभ्यर्थियों का चयन इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य तथा 161 का चयन स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पदों पर किया गया है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा पिछले वर्ष दिसंबर में ही की थी। इनकी जिला स्तर पर काउंसिलिंग के बाद नियुक्ति पत्र देने का निर्णय लिया गया।

**जिला स्तर पर चल रही काउंसलिंग:** इधर, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को लगभग एक हजार अन्य अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति की अनुशंसा प्राप्त हुई है। इन अभ्यर्थियों की काउंसलिंग जिला स्तर पर चल रही है। इन्हें अगले माह नियुक्ति पत्र दिए जाने की संभावना है। बताते चलें कि इससे पहले सहायक आचार्य के पदों पर कुल 10,213 अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो चुकी है। ये सहायक आचार्य विद्यालयों में पठन-पाठन करा रहे हैं।आयोग द्वारा आयोजित झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 के माध्यम से कुल 26,001 पदों पर नियुक्ति होनी थी। लेकिन योग्य अभ्यर्थी नहीं होने से बड़ी संख्या में पद रिक्त रह गए हैं। अधिसंख्य पद पारा शिक्षक श्रेणी में रिक्त रहे हैं। इधर, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा विभाग में महिला पर्यवेक्षक के पद के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों में से 237 अभ्यर्थियों को पिछले माह ही नियुक्ति पत्र मिल चुका है। प्रमाणपत्रों के सत्यापन के बाद 19 अन्य अभ्यर्थियों को सोमवार को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

# हरिदेव सेवा संघ ने जरूरतमंदों के बीच किया नि:शुल्क भोजन व पानी वितरण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** हरिदेव सेवा संघ द्वारा प्रत्येक रविवार की भांति इस रविवार को भी बरियातू स्थित रिम्स अस्पताल परिसर में जरूरतमंद लोगों एवं मरीजों के परिजनों के बीच निःशुल्क भोजन एवं पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया तथा संस्था के इस मानवीय कार्य की सराहना की गई।

इस सेवा कार्य में संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष संजीत कुमार साहु, सचिव कंचन कुमारी, कोषाध्यक्ष दीपक साहू सहित सदस्य भोला प्रसाद, पवन बरनवाल, चन्दन सोनी, कमलेश वर्मा, हिमांशु गुप्ता, कार्तिक, अमर उज्जवल एवं जयेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्र सचिव (औद्योगिक क्षेत्र रियाड़ा) दीपेश पाठक बाबा, सामाजिक कार्यकर्ता नितेश पाठक, मक्खन, शशि बादल की विशेष सहभागिता रही। सभी ने जरूरतमंदों के बीच सेवा भाव से भोजन एवं पानी वितरण कर मानवता का संदेश दिया।




इस अवसर पर दीपेश पाठक बाबा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य और सच्ची मानव सेवा है। समाज के सक्षम लोगों को आगे बढ़कर ऐसे कार्यों में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

उनके इस संदेश को उपस्थित लोगों ने सराहा तथा संस्था द्वारा आगे भी लगातार सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# रॉन्ग साइड कार चलाने से टोकने पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की और गाली-गलौज, प्राथमिकी दर्ज



**संवाददाता**

**रांची:** डेली मार्केट थाना क्षेत्र में ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डेली मार्केट थाना में मामला दर्ज किया गया है। आरोपित की पहचान वानहर मुमताज, उम्र करीब 37 वर्ष, निवासी शांति नगर कांटाटोली, थाना लोअर बाजार, जिला रांची के रूप में हुई है।

मामले की शिकायत सहायक अवर निरीक्षक विमल सिंह ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शनिवार की दोपहर साढ़े 12 बजे वह काली मंदिर चौक के पास ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान कार चालक वाहन को गलत दिशा में लेकर जा रहा था, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई।

**ड्राइविंग लाइसेंस और कागजात मांगने पर धक्का-मुक्कीः** पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन रोकने पर चालक आक्रोशित हो गया और ड्यूटी पर तैनात आरक्षी आशुतोष कुमार, हवलदार पिंगल टोप्पो तथा महिला गृह रक्षक अर्चना कुमारी के साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की करने लगा।

शिकायत के अनुसार जब वाहन चालक से ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कागजात मांगे गए तो उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया।

इसके अलावा आरोपी ने पुलिसकर्मियों को धमकी देते हुए कहा कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, मैं तुमलोगों को बर्बाद कर दूंगा। पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गोला में जंगली हाथियों का उत्पात जारी, मकई का फसल रौंदा



**संवाददाता**

**रामगढ़:** जिले के गोला वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात पिछले एक महीने से लगातार जारी है। हाथियों के झुंड के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। 16 मई की रात हाथियों ने रोला गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए कई किसानों की मकई की फसल रौंदकर बर्बाद कर दी।

**घर में रखा चावल भी खा गए हाथी :** जानकारी के अनुसार सुतरी गांव के धोरधोरिया निवासी भागीरथ महतो के खेतों में लगी मकई की फसल को हाथियों ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। हाथियों का झुंड खेतों में घुस गया और पूरी फसल रौंद डाली। इतना ही नहीं, हाथियों ने उनके घर में रखा चावल भी खा लिया। घटना के बाद ग्रामीण पूरी रात भय के माहौल में जागते रहे।

**पहले भी हो चुका है नुकसान :** भागीरथ महतो ने बताया कि इससे पूर्व भी हाथियों का झुंड उनके मकान को नुकसान पहुंचा चुका है। कई बार खेतों में लगी फसलों को भी बर्बाद किया गया है। लगातार हो रहे नुकसान से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है, लेकिन हाथियों के उत्पात से उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से उचित मुआवजा और स्थायी समाधान की मांग की है।

**गोला वन क्षेत्र में 34 हाथियों का विचरण :** बताया गया कि इन दिनों गोला वन क्षेत्र में करीब 34 जंगली हाथियों का झुंड अलग-अलग हिस्सों में विचरण कर रहा है। हाथियों के अलग-अलग समूहों में बंट जाने से वन विभाग की परेशानी बढ़ गई थी। वन विभाग की क्यूआरटी टीम लगातार हाथियों की निगरानी करते हुए उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने का प्रयास कर रही है।

**क्यूआरटी टीम ने हाथियों को किया एकजुट :** वन विभाग के अनुसार हाथियों के अलग-अलग समूहों को एक साथ करना बड़ी चुनौती थी। काफी मशक्कत के बाद क्यूआरटी टीम सभी हाथियों को एकजुट करने में सफल रही। फिलहाल 34 हाथियों का झुंड डुमरडीहा के समीप दामोदर नदी किनारे मौजूद है। वन विभाग की योजना शाम ढलने के बाद हाथियों को जंगल के दूसरे छोर की ओर सुरक्षित तरीके से भेजने की है, जिससे गांवों में नुकसान को रोका जा सके। अभियान में रेंजर राकेश कुमार सिंह, मनीष कुमार शर्मा, शिव शंकर कुमार, दीपक कुमार सिन्हा, योगेंद्र कुमार, दीपक दास सहित अन्य वनकर्मी शामिल हैं।

# आज शाम चांद नजर आने की उम्मीद, कल से जिलहिज्जा शुरू

## गुरुवार 28 मई को ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाई जाएगी

**गुलाम शाहिद**

**रांची:** एदारा शरिया और इमारत-ए-शरिया एवं उलेमा-ए-किराम ने उम्मीद जताई है कि आज शाम जिलहिज्जा 1447 हिजरी का चांद नजर आ सकता है। चांद दिखाई देने की स्थिति में मंगलवार, 19 मई 2026 को जिलहिज्जा महीने की पहली तारीख होगी। इसी के अनुसार ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार गुरुवार, 28 मई 2026 को अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा।उलेमा ने बताया कि ईद-उल-अजहा की नमाज गुरुवार सुबह विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की जाएगी, जिसके बाद सुन्नते इब्राहीमी पर अमल करते हुए कुबार्नी दी जाएगी। इस मुबारक मौके पर लोगों से आपसी भाईचारा, अमन-शांति और जरूरतमंदों की मदद का संदेश दिया गया है। एदारा-ए-शरिया और इमारत-ए-शरिया की ओर से कहा गया है कि चांद दिखाई देने की आधिकारिक घोषणा शाम को प्राप्त होने वाली रूयत की रिपोर्ट के बाद की जाएगी। मुसलमानों से अपील की गई है कि वे त्योहार को सादगी, सफाई और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं।

# जनगणना में करें सहयोग , देश के विकास में निभाएं अपनी भागीदारी : कौसर परवीन

**गुलाम शाहिद**

**रांची:** जनगणना 2026 को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता समाजसेवी कौसर परवीन ने आम नागरिकों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की मजबूत नींव है। सही और सटीक जानकारी से सरकार बेहतर योजनाएं तैयार करती है, जिससे समाज के हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचती है।कौसर परवीन ने कहा कि ह्वहम सबकी गिनती, देश की प्रगतिह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील करते



हुए कहा कि ह्वचलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी।ह्व

उन्होंने कहा कि जनगणना हमारे देश का आईना है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाओं की योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को बिना किसी झिझक के सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करना चाहिए।

कौसर परवीन ने लोगों से जागरूक रहने और दूसरों को भी जनगणना के महत्व के बारे में बताने की अपील की, ताकि एक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# भाजपा करेगी प्रखंड मुख्यालय का घेराव

**अनगड़ा:** किसानों और रैयतों की विभिन्न समस्याओं की लेकर रविवार को गोंदलीपोखर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें जनसमस्याओं को लेकर 19 मई को प्रखंड मुख्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। कहा कि खतियानी रैयत अपनी ही जमीन की ऑनलाइन इंट्री कराने के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसके अलावा ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, मईयां सम्मान योजना के लाभ से अधिकांश महिलाओं को वंचित कर दिया गया है। जल नल योजना में भ्रष्टाचार के कारण ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि रणधीर चौधरी व सुरेंद्र महतो ने भी कार्यकताओं को आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता सुनील महतो, संचालन अजय भोक्ता ने किया। मौके पर रामसाय मुंडा, सोहराय बेदिया, राजेंद्र महतो, जगेश्वर महतो, अगमलाल महतो, नरेश साहू, रामनाथ महतो, सुप्रेश महतो, सुरेश महतो, कामेश्वर महतो, सोनू महतो, वसंत चौधरी व अन्य उपस्थित थे।

# इस वर्ष 5 दिन पहले दस्तक देगा मानसून मौसम विभाग ने जारी किया एडवाइजरी



**संवाददाता**

**रांची:** भारतीय उपमहाद्वीप पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने का संकेत केरल में मानसून की शुरूआत से मिलता है और यह गर्म और शुष्क मौसम से वर्षा के मौसम में संक्रमण को दशार्ने वाला एक महत्वपूर्ण संकेतक है।

जैसे-जैसे मानसून उत्तर की ओर बढ़ता है, क्षेत्रों में चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर पर 1 जून को केरल में आता है, जिसका मानक विचलन लगभग 7 दिनों का होता है।

वर्ष 2026 के लिए जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि अबकी बार जारी पूवार्नुमान के तहत केरल में 26 मई से 30 मई तक मानसून के सक्रिय होने की संभावित तिथि जारी की गई है।

अब तक सही साबित हुए मौसम पूवार्नुमानः वहीं, झारखंड में 12 जून से 18 जून के बीच की तिथि जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग 2005 से केरल में मानसून के आगमन की तिथि के लिए परिचालन पूवार्नुमान जारी कर रहा है।

इसके लिए चार दिनों की माडल त्रुटि वाले स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक सांख्यिकीय माडल का उपयोग किया जाता है। माडल में छह पूवार्नुमानों को समाहित किया गया है, जिसमें उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान, दक्षिण प्रायद्वीप में मानसून-पूर्व वर्षा का चरम, उपोष्णकटिबंधीय उत्तर-पश्चिमी प्रशांत महासागर में औसत समुद्र तल का दबाव, दक्षिण चीन सागर में आउटगोइंग लांग वेव रेडिएशन, उत्तर-पूर्वी हिंद महासागर में निम्न क्षोभमंडलीय क्षेत्रीय हवा और इंडोनेशिया क्षेत्र में ऊपरी क्षोभमंडलीय क्षेत्रीय हवा शामिल है।

उन्होंने बताया कि पिछले 20 वर्षों वर्ष 2005 से वर्ष 2025 के दौरान केरल में मानसून के आगमन की तिथि के भारत मौसम विज्ञान विभाग के परिचालन पूवार्नुमान 2015 को छोड़कर सही साबित हुए। हाल के पांच वर्षों के लिए पूवार्नुमान सत्यापन वर्ष (2020-2025) का वार्षिक औसत भी प्रदान किया गया है।

## एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे कार्यक्रम श्रृंखला शुरू

# द ग्रेट इंडियन मूवी सीरीज के तहत शोले के नाम रहा पहला रविवार



**मेट्रो रेज**

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर द्वारा रांची के लोगों के लिए गर्मी




की छुट्टियों में मनोरंजन के लिए समर हॉलीडे स्पेशल विशेष कार्यक्रम श्रृंखला की शुरूआत की गयी। पहल रविवार द ग्रेट इंडियन



मूवी सीरीज के तहत फिल्म शोले को समर्पित रहा। दीपांजलि ग्रुप के बच्चों ने शोले के गाने यह दोस्ती हम ना तोड़ेंगे, महबूबा ओ महबूबा, जब तक है जान जाने जहां, आदि गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।नृत्य प्रस्तुत करने वालों में नेवा,आद्या,पियुषा,स्वास्ति,राजवी, नव्यता,सिंहिका,आश्वी मुख्य थी। इसके अतिरिक्त घोड़े पर बैठकर गब्बर सिंह के स्टाइल में बंदूक लहराते हुए लोगों ने सेल्फी खिंचवाई। शोले फिल्म के डायलॉग बोलने की भी प्रतियोगिता थी। बड़े और बच्चों ने तेरा क्या होगा कालिया ,कितने आदमी थे, आदि डायलॉग को खूब बोला। शोले मूवी पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। ज्ञातव्य हो कि एक्वा वर्ल्ड में गर्मी की छुट्टियों में हर शुक्रवार को वसीम आलम के वैमस मॉडलिंग ग्रुप द्वारा मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। विपुल नायक के दीपांजलि ग्रुप के द्वारा हर शनिवार को डांस प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है हर रविवार को एक प्रसिद्ध मूवी के थीम पर कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हो रहा है। आज के आयोजन में मुख्य रूप से एक्वा वर्ल्ड के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव , विपुल नायक, वसीम आलम, धीरज, सुमित, संतोष, देव जीत नाहा (डीजे सर), लोकेश कुमार, आनंद, जीतू व अन्य उपस्थित थे।

एक्वा वर्ल्ड में झारखंड का पहला कूल मेज लगाया गया है। जहां पूरे गार्डन में प्रचंड गर्मी में भी पानी की धीमी फुहार से गर्म मौसम में भी ठंड का एहसास होता है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## केजरीवाल के लिए अंतिम अवसर

अगले साल देश के सात राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यह हैं-पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश। इनमें से पंजाब और हिमाचल प्रदेश के अलावा सभी पांचों राज्यों में अभी भाजपा की सरकार है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है और दिल्ली में सत्ता जाने के बाद आम आदमी पार्टी(आआपा) केवल पंजाब में सत्ता में है। भाजपा तो हर राज्य में चुनाव लड़ने और जीतने की रणनीति में लगी हुई है लेकिन इस बार उसका फोकस पंजाब जीतने पर होने वाला है। एक तो हिमाचल प्रदेश वैसे ही भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है, दूसरे हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार शुरू से ही गिरते-पड़ते चल रही है। इसलिए आम धारणा है कि जब भी चुनाव होंगे भाजपा आसानी से चुनाव जीत जाएगी। भाजपा पंजाब चुनाव को उसी तरह लड़ने वाली है जिस तरह से उसने पश्चिम बंगाल का चुनाव लड़ा और ममता बनर्जी जैसी जमीन से जुड़ी और लड़ाकू महिला को पराजित करके पहली बार जीत हासिल की। चुनाव तो पिछले महीने भी पांच राज्यों के विधानसभा के हुए थे। भाजपा पहले से सत्ता में काबिज असम और पुडुचेरी में जीत हासिल की। केरल में वोट औसत बढ़ने के साथ भाजपा को तीन सीटें मिली। तमिलनाडु में भी भाजपा को वोट औसत बढ़ा। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बड़ी उपलब्धि यह रही कि देश में विपक्षी राजनीति का झंडा थामने वाले नेताओं में से ममता बनर्जी की तरह तमिलनाडु मुख्यमंत्री रहे एम के स्टालिन सत्ता से बाहर हो गए। पंजाब चुनाव नतीजे आआपा के पक्ष में न आने पर न केवल आआपा के बिखरने के साथ-साथ बल्कि आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक पारी का समापन भी होने का खतरा है। आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल सत्ता के लिए बने हैं इसे इस राजनीतिक पार्टी के 14 साल के इतिहास ने साबित किया है। समाजसेवी अन्ना हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के सहारे राजनीति में आने वाले केजरीवाल ने वह सभी काम किए जो इस देश के आम राजनेता करते रहे हैं या इसके लिए राजनेता बदनाम हैं। कई मामलों में तो केजरीवाल ने परंपरागत दलों के नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। सत्ता में आने के लिए उन्होंने जो वादे किए थे, सत्ता में आने के बाद सारे आचरण उसके उलट किए। दिल्ली की सत्ता से बाहर होने के बाद भी उनका व्यवहार नहीं बदला। 2025 के विधानसभा चुनाव में जो आरोप मुद्दे बने उसमें शराब घोटाला से लेकर अपने सरकारी आवास को करोड़ों खर्च करके शीश महल बनवाना प्रमुख रहे। बावजूद इसके पूर्व मुख्यमंत्री के नाते मिले सरकारी आवास में उन पर फिर से लाखों रुपये लगाने का आरोप लगा है। 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ने 1974 के बिहार छात्र आंदोलन और उससे लगे आपातकाल के खिलाफ देश भर में हुए आंदोलन को फिर से दोहरा दिया था। पहला विवाद को अन्ना हजारे के मना करने के बावजूद 26 नवंबर,2012 को राजनीतिक पार्टी आआपा बनाने पर हुआ। हजारों पढ़े-लिखे नौजवान देश-विदेश की नौकरी छोड़कर और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंची हैसियत और मानदंड रखने वालों ने उस आंदोलन में अपना सभी कुछ न्योछावर कर दिया था। सत्ता में आने और अपना असली रंग दिखाने के बाद वही लोग एक-एक करके लोग अलग होने लगे। कुछ को केजरीवाल ने अपमानित करके निकाला। इसकी लंबी श्रृंखला बनती जा रही है। अभी सबसे बड़ा झटका आआपा के बड़े नाम राघव चड्ढा और संदीप पाठक के साथ दस में से सात राज्य सभा सदस्यों का पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से लगा है। उनमें से एक स्वाति मालीवाल तो काफी समय से तो केवल तकनीकी तौर पर आआपा में थी वे अपने साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास में मारापीट होने के बाद से ही अलग हो गई थी। अब आआपा के साथ तीन राज्यसभा और तीन लोकसभा सदस्य हैं।

इन चौदह सालों के घटनाक्रम ने एक बात तो साबित कर दी कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। भाजपा और कांग्रेस विरोधी अनेक बुद्धिजीवियों के प्रभाव में आकर केजरीवाल ने 2014 में देश भर में लोकसभा चुनाव लड़ना तय किया। भारी पराजय के बाद अपने लोगों के गुस्सा से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर जेल गए। 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बावजूद रामलीला मैदान में दूसरी बार मुख्यमंत्री की सफल लेते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता से जनादेश उनकी सेवा करने के लिए मिला है, वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। तब से लेकर अब तक उनके बयान और दावों में लगातार बदलाव होते ही गए। जो हालात बनते जा रहे हैं उसमें केजरीवाल की तुलना विदेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन चलाकर सीधे छात्र आंदोलन से असम गण परिषद राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा चुनाव जीतकर 1985 में असम के मुख्यमंत्री बने प्रफुल्ल कुमार महंत से की जाने लगी है।आज की तारीख में महंत की असम की राजनीति में कोई चर्चा तक नहीं होती है। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधान सभा चुनाव लड़ना तय किया। पहले ही चुनाव में ही बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ केवल आठ सीटें मिली। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई और नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधानसभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया।

2014 के लोकसभा चुनाव में आआपा ने देश भर में चुनाव लड़ना तय किया। खुद केजरीवाल भाजपा के प्रधानमंत्री के घोषित उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बनारस चुनाव लड़ने पहुंच गए। वे तो बुरी तरह से हारे ही आआपा के ज्यादातर प्रमुख नेता लोकसभा चुनाव लड़े और पराजित हुए। केवल पंजाब में चार सीट आआपा जीत पाई। बाद में उसमें से दो सांसद आआपा से अलग हो गए और 2019 के लोकसभा चुनाव में केवल अभी के मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनाव जीते। 2024 में उसे केवल पंजाब में ही तीन सीटें मिली। 2014 के चुनाव में केजरीवाल ने बड़ा सपना देखा था, वे परिणाम से इतने आहत हुए थे कि कार्यकताओं का गुस्सा शांत करने के लिए जबरन जमानत तुड़वाकर जेल गए। इतना ही नहीं एक-एक कर-के पार्टी के दिग्गजों-पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, प्रो. आनंद कुमार इत्यादि को पार्टी से बाहर किया। बाद में कुमार विश्वास समेत अनेक दिग्गज नेता बाहर हुए। यह सिलसिला आज भी जारी है। कहा जाता कि आआपा में वही रह सकता है जो केजरीवाल के किसी फैसले पर सवाल न उठाए। बावजूद इसके आआपा को कई बड़ी सफलता मिल गई।

कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वादे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। 2020 के दिल्ली विधान सभाचुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 2017 के चुनाव में 117 सीटों की विधानसभा में आआपा को 20 सीटें मिली। 2022 में उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा 10 अप्रैल,2023 को अखिल भारतीय पार्टी बन गई।

# शिक्षा और परीक्षा : साख बहाल करने का सवाल

**सरकार ने अभी तक तो घरेलू ऊर्जा जरूरतों पर बढ़ी हुई कीमतों का उतना असर नहीं होने दिया है किन्तु लंबे समय तक ऐसा कर पाना संभव नहीं होगा। इस समस्या के दीर्घकालीन समाधान को ध्यान में रख कर ही सरकार ने एथनोल को पेट्रोल में मिला कर पेट्रोलियम पदार्थों की मांग कम करने का प्रयास शुरू किया है।**

**गिरीश्वर मिश्र**

मेडिकल प्रवेश परीक्षा यानी ह्यनीटह्न में पेपर लीक की ताजा घटना ने एक बार फिर पूरे देश, खास तौर पर युवा और किशोर वर्ग को झकझोर दिया है। देशभर के लाखों परीक्षार्थियों के वर्षों के परिश्रम और उनकी खुद और परिवार वालों की आशाओं और आकांक्षाओं पर पानी फिर गया। बड़े परिश्रम और अच्छे खासे पैसे लगा कर कोचिंग आदि से तैयारी कर परीक्षा की दहलीज पर पहुंचने के बाद कुछ थोड़े से धनलोलुप आपराधिक तत्वों की करतूत ने युवा वर्ग को बड़ा निराश किया। वे अब कुंठा और अनिश्चय के दौर में पहुँच रहे हैं। पर यह घटना किसी भी तरह आकस्मिक नहीं कही जा सकती क्योंकि पिछली परीक्षा में हुई नीट पेपर लीक की सीबीआई जांच अभी खत्म नहीं हुई है। वह कब पूरी होगी और उसका क्या हश्र होगा किसी को नहीं मालूम। अर्थात यह तो नहीं कहा जा सकता कि सरकारी तंत्र को इस तरह की आशंका का कोई अंदेशा न रहा हो। तब भी परीक्षा की एजेंसी सजग नहीं हुई और जरूरी एहतियात बरतने में कोताही हुई और उसका परिणाम सामने है। यह समाज के प्रति गैर ज़िम्मेदारी भरा अक्षम्य अपराध है। अनंत कालीन जाँच बिठाकर चीजों को मुल्तबी न रख इस घटना की जिम्मेदारी तय कर अविलंब उचित कारवाई की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि प्रवेश-परीक्षा की पहले से चली आ रही पुरानी व्यवस्था को सुधारने के लिए एनडीए की सरकार द्वारा वर्ष 2017 में राष्ट्रीय स्तर की एक स्वायत्त व्यवस्था ह्यनेशनल टेस्टिंग एजेंसीह्न (एनटीए) को स्थापित करने का निर्णय लिया गया। परीक्षाओं के प्रकार और परीक्षार्थियों की निरंतर बढ़ती संख्या के चलते यह सुधार बहुत जरूरी था। एनटीए का उद्देश्य रखा गया था कि उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली एक मानक व्यवस्था को भारत में प्रतिष्ठित किया जाय। युवा प्रधान देश में परीक्षा की विकराल होती जा रही चुनौती के लिए इस पहल को रामबाण जैसा समझा गया। विकसित भारत के लिए योग्य मानव संसाधन तैयार करने में इस एजेंसी की बड़ी भूमिका है। यह सोच कर एनटीए के संचालन के लिए एक आईएएस स्तर का डीजी, अध्यक्ष, डाइरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर आदि के साथ उच्चस्तरीय प्रबंधकीय अमला तैयार हुआ। सारी व्यवस्था की देखरेख के लिए एनटीए की अपनी प्रबंध समिति का भी प्रावधान किया गया जिसे पूरी तरह से अधिकार संपन्न बनाया गया।

सरकार और आम जनता सबको यह आशा थी कि प्रोफेशनल दृष्टि से काम करने वाली एनटीए परीक्षा की व्यवस्था में जमीनी परिवर्तन ला सकेगी। यानी अखिल भारतीय स्वरूप वाली यह संस्था प्रवेश परीक्षाओं का काम राष्ट्रीय स्तर पर निष्पक्ष, विश्वसनीय, त्वरित या समय पर और स्तरीय ढंग से संपादित करेगी। परीक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कटिबद्ध सरकार को इस संस्था से बड़ी आशाएँ थीं। अब जिस तरह परीक्षा संचालन में लगातार चूक हो रही है उससे कई सवाल पैदा हो रहे हैं। परीक्षा की शुचिता और मानकों को बनाये रखने की जिम्मेदारी से एनटीए किसी भी तरह नहीं मुकर सकता। पेपर लीक की बार-बार की घटनाओं के चलते एनटीए का यह प्रयोग और उसकी कार्य प्रणाली अब संदेह के घेरे में आ रहे हैं। शायद एनटीए को पूरी तैयारी के साथ अमल में लाने का कम भी अभी पूरा नहीं हुआ है। स्मरणीय है कि एनटीए की व्यवस्था के पहले प्रवेश परीक्षाओं का विकेंद्रीकरण था और उच्च शिक्षा की संस्थाएं अपने स्तर पर परीक्षा कराती थीं और उनकी अपनी जिम्मेदारी बनती थी। वे परीक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने में रुचि भी लेती थीं क्योंकि उसके साथ उन संस्थाओं की निजी साख भी जुड़ी रहती थी । शिक्षा और परीक्षा का निकट संबंध रहता था। अब ये संस्थाएं उदासीन रहती हैं और बाहर से लादी जाने वाली आरोपित व्यवस्था से उनका बहुत कम लगाव रहता है। दूसरी ओर धीरे-धीरे सभी प्रवेश परीक्षाओं को एनटीए को सुपुर्द करते जाने की प्रथा भी चल पड़ी है। ऐसी हालत में उनके काम का दायरा भी अब बहुत विस्तृत हो चुका है जो संभवतः उनकी अपनी क्षमता से बाहर जा रहा है।

यह देश का दुर्भाग्य है कि आज के माहौल में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में किसी न किसी तरह सेंध लगा कर परीक्षा-परिणाम को प्रभावित कर जैसे-तैसे जबरदस्ती अपने पक्ष में करने-कराने के मामले लोगों को अब चौकाते नहीं हैं। चूँकि सीटें कम होती हैं और अभ्यर्थी बहुत ज्यादा इसलिए प्रवेश के लिए मारामारी मची रहती है। परीक्षा के पेपर लीक की घटनाएँ कई तरह की परीक्षाओं में पिछले दशकों में पहले भी सामने आ चुकी हैं। यदि इस घटना को अपराध के रूप में देखें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि इनसे जुड़े अपराधियों पर उन मामलों में कानूनी झमेले कुछ ऐसे चलते हैं कि समय पर कोई ठोस कार्रवाई ही नहीं हो पाती है। इस तरह के ज्यादातर मामलों में सबूत के अभाव में अपराधियों को दंडित करना लगभग असंभव होता रहा है। वाइरस सरीखी तेजी से फैलती इन घटनाओं के तार भी जगह-जगह से जुड़े होते हैं। आसानी से धन कमाना ही इसके मूल में होता है और उसके अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष लाभार्थी अनेक होते हैं। इस तरह की घटना यह तथ्य भी सामने लाती है कि मुख्यधारा की औपचारिक शिक्षा तेजी से अपनी साख खोती जा रही है। शिक्षा के व्यापारीकरण का कई रूप ले रहा है। इसके ही अंग के रूप में कोचिंग का महामारी जैसा फैलता विशाल धंधा भी बदस्तूर जारी है जिसकी आज एक बड़ी भारी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। अनुमान है कि जेईई, नेट तथा नीट आदि विभिन्न परीक्षाओं की कोचिंग के बाजार की कीमत इस समय अट्ठावन हजार करोड़ रुपयों की है। यह नफे का व्यापार एक समानांतर शिक्षा व्यवस्था का रूप ले चुका है। अनुमान यह भी है कि लगभग 95 प्रतिशत स्कूली बच्चे इसमें शामिल हो कर परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए हैं। संस्थाओं में नियमित औपचारिक शिक्षा की जगह कोचिंग द्वारा शिक्षा की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। कोटा, दिल्ली, पुणे और पटना जैसे शहर आज कोचिंग के प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। अब स्कूली बच्चों के माता-पिता कोचिंग को एक अनिवार्य इन्वेस्टमेंट मानने लगे हैं। शिक्षा का यह यथार्थ विद्यालयों में चल रही औपचारिक शिक्षा के खोखलेपन की पुष्टि करता है।

इन सबका सम्मिलित परिणाम यह है कि पेपर लीक करने और नकल कराने जैसी घटनाएँ कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस तरह की चेष्टा पर लगाम लगा कर कम करने के उपायों का कोई असरदार फल नहीं दिखता। सच्चाई यही है कि ऐसी वारदात देश के कई कोनों में होती रही हैं। इसमें विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं शामिल होती रहीं हैं और उनका दायरा लगातार बढ़ता गया है । दुस्साहस, बेईमानी, और तिकड़म की सहायता से लोग अपनी सफलता को सुनिश्चित करने का नायाब नुस्खा तैयार करने में लगे रहते हैं। पढ़ाई से अधिक परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए शॉर्टकट तरीकों को पहचानने में अब लोग अधिक मन लगाते हैं। वैसे भी सामाजिक परिवेश में परिश्रम और योग्यता का होना न होना अब ज्यादा महत्व नहीं रखता। अब लोग मानने लगे हैं कि योग्यता, चरित्र और कार्य कुशलता जैसे सद्गुण परीक्षाओं में सफलता और नौकरी पाकर नियुक्ति हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं होते। उसके लिए योग्यता के कुछ अतिरिक्त उद्योग करना पड़ता है।

# अर्थव्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री की सात सूत्री पहल क्यों जरूरी?

**किसी भी देश के लिए विदेशी मुद्रा रिजर्व आवश्यक है। यह देश को विभिन्न तरीकों से लाभान्वित करता है। यह देश की अंतरराष्ट्रीय व्यापार करने की क्षमता को दशार्ता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अमरीकी डॉलर जैसी प्रमुख मुद्राओं के उपयोग की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, यह हमारे मामले में रुपये, स्थानीय मुद्रा की स्थिरता में योगदान देता है।**

**डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

जब से संघर्ष शुरू हुआ है, दुनिया में अफरातफरी मची हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से स्थिति और भी बिगड़ गई है, जिससे सप्लाई चेन में दिक्कतें आ गई हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि पेट्रोलियम उत्पादों और जरूरी चीजों की सप्लाई कम हो गई है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। कई देशों में पेट्रोल, डीजल और खाद की कमी के कारण हालात खराब हो गए हैं, जिसका असर आम लोगों के साथ-साथ व्यापार और उद्योग पर भी पड़ रहा है। पेट्रोलियम उत्पादों और जरूरी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे आम लोगों और सरकार, दोनों पर दबाव बढ़ गया है। हालाँकि, भारत सरकार इस संकट को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कहीं बेहतर तरीके से संभाल रही है, फिर भी हमें भविष्य में ऐसी ही किसी तबाही से बचने के लिए विचार करना चाहिए और जरूरी कदम उठाने चाहिए।

किसी भी देश के लिए विदेशी मुद्रा रिजर्व आवश्यक है। यह देश को विभिन्न तरीकों से लाभान्वित करता है। यह देश की अंतरराष्ट्रीय व्यापार करने की क्षमता को दशार्ता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार को अमरीकी डॉलर जैसी प्रमुख मुद्राओं के उपयोग की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, यह हमारे मामले में रुपये, स्थानीय मुद्रा की स्थिरता में योगदान देता है। आरबीआई भारतीय रुपया के मूल्य पर नजर रखता है और यदि यह गिरता है तो यह मुद्रा स्थिर रखने के लिए कुछ डॉलर बेचता है। अंतरराष्ट्रीय ऋण आमतौर पर अमेरिकी डॉलर या यूरो जैसी मुद्राओं में बने होते हैं और एक ही मुद्रा में चुकाया जाना चाहिए। नतीजतन, विदेशी मुद्रा रिजर्व महत्वपूर्ण है या अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां देश को डिफॉल्ट घोषित कर सकती हैं।

यदि देश में आर्थिक उथल-पुथल है या दुनिया मंदी में है तो विदेशी मुद्रा रिजर्व एक बफर के रूप में कार्य करता है, जिससे देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखा जाता है। निवेशक बड़े विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों में निवेश करने के इच्छुक हैं क्योंकि यह उन्हें विश्वास दिलाता है कि उनका पैसा उसी मुद्रा में वापस कर दिया जाएगा जिसमें उन्होंने निवेश किया था। संक्षेप में, विदेशी मुद्रा रिजर्व आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ कठिन समय के दौरान तरलता के स्रोत के लिए एक नींव के रूप में कार्य करता है।

ईंधन की खपत कम करें: जब वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो भारत पर इसका असर तुरंत होता है। आयात बिल बढ़ जाते हैं, रिफाइनरी के मार्जिन कम हो जाते हैं और मुद्रा कमजोर हो जाती है। वित्त वर्ष 2025-26 में कच्चे तेल का आयात बिल लगभग 137 अरब डॉलर तक पहुँच गया था; यह एक ऐसा आँकड़ा है जो सभी उद्योगों में महँगाई और लॉजिस्टिक्स की लागत को प्रभावित करता है। इस बात का विश्लेषण करें कि विदेशी मुद्रा भंडार पर कितना दबाव पड़ता है। ईंधन बचाने के लिए हमें सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो, ट्रेन, बस, या कार पूलिंग का उपयोग करना चाहिए।

आम नागरिकों के लिए, इसका अर्थ है परिवहन के बढ़े हुए किराए और वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतें। रिफाइनरियों के लिए इसका अर्थ है कच्चे तेल के चयन, प्रक्रिया की दक्षता और रखरखाव की विश्वसनीयता पर लगातार ध्यान देना- ये ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ लागत नियंत्रण में इंजीनियरिंग की सीधी भूमिका होती है। भारत जैसे विशाल राष्ट्र के लिए, ऊर्जा आपूर्ति की दीर्घकालिक रणनीति स्वदेशी संसाधनों पर आधारित होनी चाहिए और इसमें विभिन्न ऊर्जा स्रोतों के इष्टतम संतुलन का उपयोग आवश्यक है। बड़े पैमाने पर कोयले की खपत से जुड़ी पर्यावरणीय कठिनाइयों के अलावा यह भी रेखांकित करना महत्वपूर्ण है कि कोयले के भंडार सीमित हैं। सौर ऊर्जा और अन्य गैर-पारंपरिक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनका उपयोग यथासंभव अधिकतम सीमा तक किया जाना चाहिए। इसका उद्देश्य तेल पर अत्यधिक निर्भरता से जुड़े जोखिमों को कम करना है, न कि इसका उपयोग पूरी तरह से बंद करना। एक-एक कदम बढ़ाते हुए, भारत स्मार्ट आयात और स्वच्छ ऊर्जा के विकल्पों को मिलाकर एक अधिक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा है।

सोने की खरीदीः भारत दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक सोना खरीदता है। हर साल, देश 700 से 800 टन सोने का उपयोग करता है; इसकी मुख्य वजह घरों, शादियों, त्योहारों, निवेश के उद्देश्यों और ग्रामीण बचत से आने वाली भारी माँग है। हालाँकि, घरेलू उत्पादन प्रतिवर्ष केवल 1 से 2 टन तक सीमित होने के कारण भारत अपनी सोने की 90% से अधिक आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर है। वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 72 अरब डॉलर का सोना आयात किया, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ा। क्या हम एक वर्ष के लिए सोने की खरीद टाल सकते हैं, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुझाव दिया है? उर्वरक का इस्तेमालः वर्ष 2025 में भारत ने लगभग 15 अरब डॉलर मूल्य के उर्वरकों का आयात किया। इसका असर न सिर्फ. विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है, बल्कि पर्यावरण और किसानों पर भी पड़ता है; इसलिए हमें भारतीय खेती की ओर लौटना चाहिए, जो आर्थिक रूप से जरूरी भी है और पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए फायदेमंद भी। खाने का तेलः 2025 में भारत ने लगभग 19 अरब डॉलर का खाने का तेल आयात किया। प्रधानमंत्री ने इसमें 10% की कटौती का आग्रह किया, जो स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होगा। विदेश यात्राः 2025 में 3.27 करोड़ भारतीयों ने विदेश यात्रा की, जिस पर 15 से 16 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च हुए। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर और दबाव पड़ा; इसके बजाय हमें अपने ही देश में यात्रा करनी चाहिए, जहाँ सुंदर पर्यटन स्थल, सांस्कृतिक विरासत स्थल और प्राकृतिक आकर्षण मौजूद हैं। 'डेस्टिनेशन वेडिंग' (शादी के लिए किसी खास जगह पर जाना) सिर्फ. भारत में ही होनी चाहिए। घर से कामः ईंधन की खपत कम करने का एक और तरीका है 'घर से काम' करने की उस प्रथा को फिर से शुरू करना, जिसे हमने कोरोना महामारी के दौरान अपनाया था। वर्चुअल मीटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधाएँ पहले से ही मौजूद हैं। उम्मीद है कि उद्योग जगत प्रधानमंत्री के इस आग्रह को गंभीरता से लेगा।

पिछली सरकारों द्वारा स्थापित नियमों और संस्थानों ने विनिर्माण या सेवा क्षेत्र शुरू करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए कठिन परिस्थितियाँ और मानसिक पीड़ा उत्पन्न की, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में काफी कमजोर रही। टाटा, अंबानी, अदानी, महिंद्रा और कई अन्य जैसे हमारे अग्रदूतों के दृढ़ संकल्प और लगन के कारण हम कठिन परिस्थितियों में भी अपनी क्षमताओं के प्रति भारतीयों में गर्व और विश्वास जगा पाए। स्थिति बदल रही है, और इन उत्पादों के स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है और ₹मेक इन इंडिया₹ उत्पादों के साथ मजबूत भावनात्मक जुड़ाव के साथ इनका प्रचार किया जा रहा है। भारत निर्मित उत्पादों के खरीदार और विक्रेता के बीच संबंध जितना मजबूत होगा, अर्थव्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी, जिसके परिणामस्वरूप अधिक रोजगार सृजित होंगे। इससे हम मूल रूप से शुद्ध निर्यातक बन जाएंगे।

# ज्येष्ठ अमावस्या पर अद्भुत संयोग

**शि** हिंदू धर्म में शनिदेव को न्याय और कर्मफल देवता माना जाता है। शनि देव व्यक्ति को उसके कर्मों के आधार पर फल देते हैं। स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण और अन्य कई धार्मिक ग्रंथों में शनि देव को न्यायाधीश का पद मिलने की कथा का उल्लेख है। शास्त्रों के मुताबिक ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को शनिदेव का जन्म हुआ था। इस कारण हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या को शनि जयंती मनाई जाती है। इस बार 16 मई 2026 को शनि जयंती मनाई जाती है। वहीं शनिवार का दिन पड़ने के कारण इसका महत्व



और भी अधिक माना जा रहा है। तो आइए जानते इस दिन की तिथि, मुहूर्त, पूजन विधि और महत्व के बारे में

### तिथि और मुहूर्त

वैदिक पंचांग के मुताबिक इस बार 16 मई की सुबह 05:11 मिनट से ज्येष्ठ माह के अमावस्या तिथि की शुरूआत होगी। वहीं 17 मई की रात 01:30 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 16 मई 2026 को शनि जयंती मनाई जाएगी।

### पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करने के बाद साफ कपड़े पहनें। इस दिन नीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए। फिर सूर्योदय से पहले पीपल के पेड़ को जल अर्पित करें और पीपल पर सरसों के तेल का दीपक जलाएं। इसके बाद शनिदेव को उड़द दाल, काले तिल, नीले फूल और तेल आदि अर्पित करें। अगर घर के पास शनि मंदिर है तो वहां पर पश्चिम दिशा की ओर मुख करके बैठें और चाहें तो घर के मंदिर में भी बैठ सकते हैं। अब रुद्राक्ष की माला से शनि देव के मंत्रों का जाप करें।

### मंत्र

ओम शं शनैश्चराय नमः

ओम शन्नो देविर्भिष्ठयः आपो भवन्तु पीतये।

ओम नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्?।
छाया मार्तण्ड सम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम्?।।

ओम प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# प्रशासन लोगों की कठिनाई दूर कर रही : उपयुक्त

## जिला के माथे पर लगे मोबाइल चोर के कलंक को मिटाना है : एसपी

## मोबाइल के साथ साथ पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण करे : डीएफओ



संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रशासन लोगो की कठिनाईयो को दूर कर रही है, अभियान चलाकर मोबाइल चोरी क्षेत्र में लोगों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है उक्त बाते डीसी दीपक कुमार दुबे ने कही। सिदो कान्हु सभागार में रविवार को जा पुलिस प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करके गुम या चोरी हुए 300 मोबाइलों को साहिबगंज पुलिस की ओर से बरामद करके उनके धारकों को ससम्मान वापस दिया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी दीपक कुमार दुबे, विशिष्ट अतिथि डीएफओ प्रबल गर्ग, एसपी अमित कुमार सिंह सहित अन्य ने किया। वही अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। जिला पुलिस प्रशासन की ओर से मोबाइल को आकर्षक डब्बे में पैक करके मोबाइल धारकों को मोबाइल ओर पौधा देकर ससम्मान पूर्वक मोबाइल वापस किया गया। वही डीसी ने कहा कि ये कार्यक्रम एक संदेश है कि चोरी या गुम हुआ मोबाइल अब मिलता है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन आपके साथ है। स्वरोजगार से जोड़कर मोबाइल चोरी पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक अथक परिश्रम के बाद जिला प्रशासन व पुलिस विभाग एक अभियान चलाकर इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किया है। चोरी या गुम हुआ मोबाइल बरामद होता है ओर बरामद करके उसको वापस किया जाता है। सॉरी फॉर द डिले लिखा डब्बा में मोबाइल फोन पैक करके दिया जा रहा है, पौधा को अपने परिसर में लगाकर इसकी सेवा करे। बचे हुए मोबाइल को बरामद करके इसी तरह कार्यक्रम करके मोबाइल दिया जाएगा। सुरक्षा, सेवा, हरियाली जिम्मेदार समाज की पहचान है।मोबाइल पुनर्वितरण से जनविश्वास, वृक्षारोपण से जीवन विकास होता है। वही डीएफओ प्रबल गर्ग ने इस नेक कार्य के लिए पुलिस प्रशासन की कबीले तारीफ है। ये समाचार सुनकर लाखों लोगों के मन में बेहतर सोच जागेगी। मोबाइल के साथ साथ पौधा भी संभाल कर रखे, वन पर्यावरण के लिए लोग बेहतर कार्य करे। वही एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार का विजन है, सरकार आपके द्वार। हाल के दिनों में जिला में ऐसी घटना हुई, जिससे जिला के बारे में गलत धारणा बनी है। हमलोगों ने एक चैलेंज के रूप में लिया है कि मोबाइल चोर के कलंक को खत्म करेंगे। जिला प्रशासन एक टीम बनाई है, जो गांव में जाकर रोजगार के अवसर दे रहे है। अभियान चलाकर लगभग 450 मोबाइल जब्त किया, 100 से ज्यादा मोबाइल बाहर के लोगों का बरामद किया है, जिसको बुलाकर या कुरियर करके दिया जा रहा है, एक माह में लगभग साढ़े चार सौ मोबाइल बरामद किया है। जिलेवासी आप भरोसा रखे, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन सरकार आपके साथ है। आपके लिए कार्य कर रहा है, यह अभियान लगातार चलता रहेगा। मोबाइल चोरी की घटनाओं को दूर किया जाएगा। मोबाइल चोर को रोजगार का अवसर दिया जाएगा। वही स्वागत भाषण एसडीपीओ बरहरवा नितिन खंडेलवाल ने कहा कि पुलिस अधीक्षक की तत्परता और सोच से एक अभियान चलाकर चोरी या गुम हुए मोबाइल खोजने का अभियान चलाया गया, एक माह तक ये अभियान चलाकर तकनीकी शाखा ओर सभी थाना प्रभारी की मदद से सैकड़ों मोबाइल रिकवर किया गया है। वही समापन भाषण मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा ने दिया।

न्यूज IN ब्रीफ

## असामाजिक तत्त्वों की लिस्ट बना कर नजर बनाए रखें : अमित



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता एसपी अमित कुमार सिंह ने की।उन्होंने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है।किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें।एसपी ने बकरीद पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने का निर्देश दिया।उन्होंने नशा उत्पादों पर रोक लगाने,मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया।साथ ही रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने,गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने,चौक,चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करने,हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने,चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों व असामाजिक तत्वों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने व लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने,लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने,सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने,अवैध लॉटरी,जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकल कसने का निर्देश दिया।उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का भी निर्देश दिया।साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने,थानों में उनकी समस्या सुनने,सूचना तंत्र को मजबूत बनाने,जमीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा,सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की,बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, सभी पुलिस निरीक्षक सहित जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## शेरशाहबादी समाज के धरना में पहुंचे सांसद विजय हांसदा कहा-समाधान होकर रहेगा



साहिबगंज/बरहरवाःशेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना शनिवार को 14वें दिन भी जारी रहा।आंदोलन के 14वें दिन राजमहल सांसद विजय हांसदा धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।सांसद के पहुंचने पर धरनास्थल पर मौजूद लोगों में उत्साह देखा गया।धरनास्थल में मीडिया को संबोधित करते हुए सांसद विजय हांसदा ने कहा कि वे इस मामले से पहले से अवगत हैं और यह मुद्दा क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को प्रभावित करता है।उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पूर्व में कई बार पत्राचार कर इस समस्या के समाधान का प्रयास किया गया,लेकिन अंचल स्तर पर मामला नहीं सुलझ पाने के कारण समुदाय के लोग पिछले दो सप्ताह से धरना देने को मजबूर हैं।उन्होंने आगे कहा कि मैं पूरी तरह से शेरशाहबादी समाज के साथ हूं।यह मामला गंभीर है और इसका समाधान होना जरूरी है।ग्राम सभा,जो सबसे बड़ी सभा होती है।उसके माध्यम से भी इस विषय का समाधान निकाला जा सकता है।इस संबंध में साहिबगंज उपायुक्त से बातचीत हुई है।आगामी मंगलवार को प्रभावित अंचलों के अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर मामले के समाधान की दिशा में पहल की जाएगी।सांसद ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि बैठक के बाद भी समाधान नहीं निकलता है।तो आगे जो भी आवश्यक होगा,वह किया जाएगा।इस मामले का समाधान होकर रहेगा,यह तय है।धरना स्थल पर मौजूद आंदोलनकारियों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि वर्ष 2012 तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता था,लेकिन बाद में अचानक इसे बंद कर दिया गया,जिससे हजारों छात्र-युवा शिक्षा,नौकरी और आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं।धरना स्थल पर आज भी बड़ी संख्या में छात्र,युवा और बुजुर्ग मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक ठोस निर्णय नहीं लिया जाता,तब तक आंदोलन जारी रहेगा।मौके पर मुखिय,मो.आजमाइल,तोफाइल शेख,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर,नगर अध्यक्ष धर्मवीर महतो,नूरुल हुसैन,शाहबाज आलम,प्रदीप साहा, शकील अहमद,अब्दुर रहमान,मसूद आलम,वसीम अख्तर,महफूज आलम, सलमान ताहिर,नदीम अख्तर,आमिर हमजा,वसीम अकरम तैय्यब शेख,मुस्तकीम शेख,मोसब्बर आलम,परवेज आलम सहित समाज के कई गणमान्य लोग,छात्र-युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## नाला निर्माण कार्य में भारी,अनियमितता,वर्षो पुरानी एक्सपायर्ड सीमेंट का हो रहा प्रयोग

**साहिबगंज/बरहरवा :** जहाँ सरकार बिकास को नई ऊँचाईयों पर ले जाने का भरपूर प्रयास कर रही है,और इसके लिए मोटी रकम भी खर्च कर रही है।परंतु कुछ संवेदक सरकार की आँखों में धूल झोंककर सरकारी राशियों का गबन करने के लिए विभिन्न हथकंडे अपनाने लगते है।भ्रष्टाचार दो तरह के होते हैं एक नजर बंद और दूसरा खुलेआम और जब भ्रष्टाचार खुलेआम होने लगे तो कई सवालों को जन्म देने लगती है।जो जनता के विश्वास को कुचलने के काम करती है।बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 01 के झिकटिया पलटनिया रोड में नाला का नवनिर्माण कार्य किया जा रहा है उक्त निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता की जा रही है निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे स्थानीय ग्रामीण नाराज है निर्माण स्थल पर कोई शिलापट्ट नहीं लगाया गया और न ही कार्य से संबंधित कोई जानकारी सार्वजनिक की गई है,साथ ही इस कार्य में घटिया और रद्दी सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है,जिसमें सबसे प्रमुख इस कार्य में इस्तेमाल होने वाले सीमेंट है जो किसी भी निर्माण कार्य की मजबूती और गुणवत्ता को सफल बनाती है,परन्तु संवेदक द्वारा वर्षो पुरानी जमी हुई पत्थर बन चुकी सीमेंट का इस्तेमाल कर नाला निर्माण में कर रहे है।निर्माण स्थल पर मौजूद कर्मचारी से पूछने पर उसने बताया कि पिछले वर्ष एक निर्माण कार्य किया गया था।

## मंडल कारा में मासिक जेल अदालत स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज श्री अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा साहेबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बंदियों के पुनर्वास कौशल विकास तथा रिहाई उपरांत उन्हें रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। साथ ही बंदियों के परिजनों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान बंदियों को समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा भविष्य में अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सचिव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल विधिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करना भी है।शिविर के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। जबकि लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती कामनी शर्मा, रविन्द्र श्रीवास्तव, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, रतन कुमार द्वारा ऐसे बंदियों की पहचान की गई।जिनके मामलों में अब तक अधिवक्ता नियुक्त नहीं किए गए हैं। टीम द्वारा ऐसे मामलों में शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, बंदियों को उनके वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने मामलों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सके।विशेष रूप से महिला बंदियों की विधिक आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए उन्हें संबंधित मामलों में आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।यह आयोजन बंदियों के विधिक अधिकारों के संरक्षण, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सामाजिक पुनर्वास के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।

## जरूरतमंद बच्चों को हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है : विश्वनाथ



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में बाल गृह साहिबगंज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत ने उपस्थित बच्चों को उनके विधिक अधिकारों संरक्षण संबंधी प्रावधानों और उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बच्चों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जरूरतमंद बच्चों को हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्राधिकार सदैव तत्पर है।श्री भगत ने बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सम्मानपूर्वक जीवन जीने के अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बाल गृह में रह रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही बच्चों को अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।शिविर के दौरान बाल गृह की व्यवस्थाओं, बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे निःसंकोच अपनी बात संबंधित अधिकारियों अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष रख सकते हैं। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, बाल गृह की अधीक्षक, संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के बेहतर भविष्य व उनके समुचित विकास हेतु सतत प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।यह आयोजन बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं उनके समुचित विकास के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## जिला कांग्रेस की गठित नई कमिटी का 20 मई को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की स्वीकृति के बाद साहेबगंज जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन पूरा हो गया है। जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में 20 मई को साहिबगंज शहर के उत्सव बैंक्विट हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस दौरान विधानसभा, प्रखंड एवं मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से उपाध्यक्ष,महासचिव एवं सचिव पदों पर चयनित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।साथ ही साहेबगंज जिला के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने बताया प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर हम साहेबगंज में बूथ स्तर तक कांग्रेस को सक्रिय कर रहे हैं।नई टीम में युवा, महिला,अल्पसंख्यक और सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। 2029 के चुनाव की तैयारी आज से शुरू है। 20 मई को उक्त समारोह में झारखंड प्रदेश के महासचिव सह साहेबगंज जिला के नवनियुक्त प्रभारी डॉ मुन्नम संजय सहित प्रदेश से कई वरिष्ठ नेता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे और कार्यकताओं का मार्गदर्शन करेंगे।उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य हर पंचायत,हर बूथ पर कांग्रेस का झंडा बुलंद करना है।कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने की रणनीति पर चर्चा होगी।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।उक्त कार्यक्रम में ज़िला एवं प्रदेश के नव नियुक्त पदाधिकारियों सहित सभी प्रकोष्ठों के सम्मानित ज़िला अध्यक्ष,प्रखण्ड अध्यक्ष,मण्डल अध्यक्ष,पार्टी के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी को शामिल होने का आग्रह किया है।

## आगे चलकर सिविल सेवा में जा कर देश की सेवा करना चाहती हैं-कृतिका भारती



**साहिबगंज :** गुरु कृपा एकेडमी, सत्कार चौक कहलगांव भागलपुर की छात्रा कृतिका भारती ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 410 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी हैं।वही साहिबगंज पुलिस कॉलोनी निवासी कृतिका के पिता पंकज कुमार यादव झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हैं।कृतिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार एवं शिक्षक को दे रही है।कृतिका ने बताया कि वह आगे चलकर सिविल सेवा में जा कर देश की सेवा करना चाहती हैं.

## किसी को दो साल तो किसी को डेढ़ वर्ष बाद मिला खोया मोबाइल

संवाददाता

**साहिबगंज :** गुम या चोरी हुआ मोबाइल वापसी कार्यक्रम बना मिसाल, जनता ओर पुलिस के बीच बढ़ा भरोसा, साढ़े चार सौ लोगों के चेहरे पर पुलिस ने लाई मुस्कान, पौधा वितरण करके पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश। दो वर्ष पहले नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नॉर्थ कॉलोनी में रेलवे विभाग में कार्यरत विप्लव पासवान का एंड्रॉयड मोबाइल गुम हो गया था, उसने थाना में इसकी लिखित शिकायत किया था। दो वर्ष बाद मोबाइल मिलने से विप्लव काफी खुश था और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। वही राजमहल थाना क्षेत्र निवासी फकरुद्दीन की पत्नी मीना बीबी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मेरा पति का मोबाइल गुम हुआ था, थाना में शिकायत दर्ज किया था। दो वर्ष बाद जब थाना से फोन किया कि मोबाइल मिल गया है, आज मिलेगा तो बहुत खुशी हुआ। मोबाइल ओर पौधा मिला। अब संभाल कर रखेंगे। वही बरहेट थाना क्षेत्र निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि दो माह पहले मोबाइल गुम हुआ था, जिसकी शिकायत थाना में की थी। उम्मीद नहीं था मिलने का, लेकिन जब थाना से फोन करके बताया कि मोबाइल मिल गया है, कार्यक्रम करके मिलेगा तो बहुत खुशी हुई। पुलिस प्रशासन की पूरे टीम का आभार। मो इस्माइल ईश्यपुर बाराहाट निवासी ने बताया कि दो माह पूर्व मिजाचौकी हटिया से मोबाइल गुम हो गया था, लिखित शिकायत मिजाचौकी थाना में किए थे। अब मिला है बहुत खुशी है। उम्मीद नहीं थी मोबाइल मिल पाएगा। लेकिन साहिबगंज पुलिस ने मोबाइल खोजकर सम्मान पूर्वक दिया, इसके लिए आभार। तीनपहाड़ थाना क्षेत्र निवासी इजराउल हक अंसारी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व मोबाइल गुम हुआ था, पुलिस प्रशासन की तत्परता से आज सम्मान पूर्वक मोबाइल ओर पौधा मिला है। दोनों का देखभाल अच्छे से करूंगा।

### ये थे उपस्थित

मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, राजमहल एसडीओ सदानंद महतो, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, सादर एसडीपीओ किशोर तिर्की, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, मेजर रोहित दुबे, राजमहल प्रक्षेत्र इंस्पेक्टर राजीव रंजन, सदर प्रक्षेत्र इंस्पेक्टर सह नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, बोरियो प्रक्षेत्र इंस्पेक्टर नुनु देव राय, बरहरवा प्रक्षेत्र इंस्पेक्टर राजेश कुमार, जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, गंगा थाना प्रभारी लव कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे, मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव, तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडे, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, राजमहल महिला थाना प्रभारी करुणा कुमारी, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार, बरहेट चन्दन कुमार भैया, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश यादव, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में सभी थाना क्षेत्र से आए महिला पुरुष उपस्थित थे।

### थाना, मोबाइल वितरण

नगर थाना से 30 मोबाइल,मिजाचौकी थाना 28

मुफस्सिल थाना 08,जीरवाबाड़ी थाना 44,बोरियो थाना 06,तीनपहाड़ थाना 06,तालझारी थाना 25 राजमहल थाना 32,बरहेट थाना 26,बरहरवा थाना 27,राधानगर थाना 26,कोटालपोखर थाना 11,रांगा थाना 16 बरामद हुआ है।

### अनुमंडलवार काउंटर लगाकर मोबाइल वितरण किया गया

सिदो कान्हु सभागार में मोबाइल वितरण के लिए अनुमंडलवार काउंटर बनाया गया था।राजमहल अनुमंडल पुलिस क्षेत्र के काउंटर में राजमहल,तीनपहाड़,राधानगर व तालझारी थाना क्षेत्र,बरहरवा अनुमंडल क्षेत्र में बरहरवा,बरहेट,रांगा व कोटालपोखर थाना क्षेत्र ओर सदर अनुमंडल क्षेत्र में नगर थाना, जीरवाबाड़ी थाना,मुफस्सिल थाना, मिजाचौकी थाना व बोरियो थाना क्षेत्र के लोगो को काउंटर पर मोबाइल,पौधा सम्मान पूर्वक दिया। काउंटर में थाना प्रभारी व थाना की पुलिस थी।



# ओरी चले 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग के लिए

ओरी को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां से वे 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग के लिए रवाना हुए। फिलहाल 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन की शुरुआत के साथ ही ओरी की मौजूदगी ने सोशल मीडिया पर खासा ध्यान खींचा है और फैंस उनके इस नए सफर को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। इंटरनेट की दुनिया के सबसे चर्चित चेहरों में से एक माने जाने वाले ओरी अपनी सोशल मीडिया मौजूदगी और वायरल अपीयरेंस के चलते बड़ी लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। अब तक दर्शकों ने उन्हें पार्टियों, इवेंट्स और बॉलीवुड सितारों के साथ अक्सर देखा है, लेकिन 'खतरों के खिलाड़ी 15' में उनका एक बिल्कुल नया अंदाज देखने को मिलेगा, जहां वे पहली बार खतरनाक स्टंट्स, अपने डर और शारीरिक चुनौतियों का सामना करते नजर आएंगे। सबसे खास बात यह है कि यह ओरी का पहला रियलिटी शो है, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।



# देवदत्त पडिक्कल को डेट कर रही हैं शहनाज



## 5 मिलियन वाले वीडियो से मिला हिंट!

'बिग बॉस' की एक्स कंटेस्टेंट शहनाज गिल चर्चा में हैं. वजह है उनका RCB को सपोर्ट करते हुए वो वीडियो, जो एक्ट्रेस ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था. उस वीडियो को अबतक 5 मिलियन से भी ज्यादा लोग देख चुके हैं. लेकिन ऐसी चर्चा है कि एक्ट्रेस RCB के प्लेयर देवदत्त पडिक्कल को डेट कर रही हैं. 'बिग बॉस' की एक्स कंटेस्टेंट और पंजाबी एक्ट्रेस शहनाज गिल लंबे वक्त से कई नए-नए प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं. कभी बॉलीवुड, कभी पंजाबी फिल्में, तो कभी म्यूजिक वीडियो में नजर आती हैं. खुद भी एक फिल्म प्रोड्यूस कर चुकी हैं, जिसका बिग बॉस में जाकर ही प्रमोशन किया था. लेकिन बीते दिनों एक्ट्रेस ने एक ऐसा वीडियो शेयर किया, जो चर्चा में आ गया है. दरअसल वो कोलकाता और आरसीबी वाले मैच में स्टेडियम पहुंची थीं, जहां एक्ट्रेस ने RCB को सपोर्ट किया. साथ ही वीडियो में जीत के बाद चिल्लाकर सेलिब्रेट करती नजर आईं. यहां तक कि एक्ट्रेस ने डांस भी किया. पहले महज वो एक वीडियो था, पर अब कहा जा रहा है कि RCB के प्लेयर देवदत्त पडिक्कल को डेट कर रही हैं.



## क्या है पूरा सच?

शहनाज गिल ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें उनसे देवदत्त पडिक्कल को लेकर सवाल किए जा रहे हैं. कई लोग लिखते हैं- क्या आप किसी क्रिकेटर को डेट कर रही हैं. तो इस पर सिद्धार्थ के फैन पेज ने भी रिएक्ट किया है. दरअसल एक्ट्रेस बिग बॉस 13 में नजर आई थी. जहां उनकी और सिद्धार्थ की दोस्ती चर्चा में बनी रही. यहां तक कि इसी शो से एक्ट्रेस को फेम मिला. लेकिन सिद्धार्थ शुक्ला की मौत के बाद वो काफी टूट गई थीं. और तब से ही एक्टर के फैन्स शहनाज को भी सपोर्ट करते हैं.



एडवांस बुकिंग में 'दृश्यम 3' का क्रेज

**रिलीज से 5 दिन**

# पहले ही कमा डाले 10 करोड़

**मोहनलाल** की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. फिल्म को रिलीज होने में बाकी हैं और इसने एडवांस बुकिंग में धमाल मचा दिया है. 'दृश्यम 3' ने प्री टिकट सेल में ही करोड़ों का कलेक्शन कर डाला है. मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की मोस्ट पॉपुलर फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' के तीसरे पार्ट का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है. क्राइम थ्रिलर 'दृश्यम 3' को रिलीज होने में 5 दिन बाकी रह गए हैं और इसे लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का रिलीज से पहले ही जादू छाया हुआ है. एडवांस बुकिंग के मामले में ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है. मोहनलाल की इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग से अब तक 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. साल 2021 में रिलीज हुई 'दृश्यम 2' के 5 साल बाद मोहनलाल इस मूवी में अपने वही पुराने किरदार जॉर्जकुट्टी के रोल में वापसी कर रहे हैं. मोहनलाल के साथ-साथ फिल्म की कास्ट में मीना, अंसिबा हसन, एस्थर अनिल, सिद्दीकी, मुरली गोपी और आशा शरथ शामिल हैं. बीते दिनों इसका ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है और इसी के चलते फिल्म एडवांस बुकिंग के मामले में अच्छा प्रदर्शन कर रही है. 'दृश्यम 3' 21 मई को थिएटरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

# 149 में टिकट... करण जौहर की बड़ी चाल



## पहले ही दिन अनन्या-लक्ष्य की फिल्म पर दिया बंपर ऑफर

करण जौहर ने अपनी स्टूडेंट अनन्या पांडे और लक्ष्य पर बड़ा दांव खेला है. दोनों की अगली फिल्म 'चांद मेरा दिल' आ रही है, जो 22 मई को रिलीज होगी. पहले ही थिएटर्स में कई फिल्में लगी हुई हैं और कुछ फिल्मों का बुरा हाल हो गया है. इस इंटेंस रोमांस जॉनर फिल्म को लेकर गजब का माहौल है. क्योंकि अनन्या और लक्ष्य की जोड़ी लोगों को पसंद आ रही है. करण जौहर की अगली फिल्म रिलीज को पूरी तरह से तैयार है. जी हां, 22 मई को 'चांद मेरा दिल' रिलीज होने वाली है. जिसमें लक्ष्य और अनन्या पांडे एक साथ काम करते हुए नजर आ रहे हैं. फिल्म का ट्रेलर आ चुका है, जिसे लोगों का गजब का रिस्पॉन्स मिला था. साथ ही गाने भी आ गए हैं, जिसकी काफी तारीफ हो रही है. उनके ऐतबार गाने को 8.7 मिलियन लोग देख चुके हैं. यह पहली बार है, जब अनन्या और लक्ष्य एक साथ स्क्रीन शेयर करते दिख रहे हैं. इस इंटेंस रोमांस जॉनर फिल्म के म्यूजिक, कास्टिंग ने सबका ध्यान खींचा है. पर क्योंकि पहले ही थिएटर्स में कई सारी फिल्में लगी हैं और कुछ बुरी तरह पिट गई हैं, तो मेकर्स ने तगड़ा जुगाड़ लगाया है. हाल ही में पता लगा कि मेकर्स ने 'चांद मेरा दिल' के लिए पहले ही दिन बंपर ऑफर दिया है. अनन्या पांडे ने अपनी पिछली फिल्मों से फैन्स को काफी इम्प्रेस किया है. खासकर केसरी चैप्टर 2 में अक्षय कुमार के अपोजिट गजब का काम किया था. साथ ही लक्ष्य पहले ही डिमांड में हैं. किल के हीरो बनकर पूरा माहौल ही लूट लिया. पिछले साल ही आर्यन खान के हीरो बने दिखे. जब शाहरुख खान के बेटे की 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' आई और उसमें लक्ष्य ने जबरदस्त काम किया.

# पीजीए चैम्पियनशिप 2026: आरोन राय ने जीता पहला मेजर खिताब, 1919 के बाद पीजीए जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी बने



**एजेंसी**

**न्यूटाउन स्क्वायर :** इंग्लैंड के गोल्फर आरोन राय ने पीजीए चैम्पियनशिप 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। 31 वर्षीय राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला मेजर खिताब अपने नाम किया और 1919 के बाद पीजीए चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। एरोनिमिंक गोल्फ क्लब में रविवार को खेले गए इस प्रतिष्ठित टूनामेंट के अंतिम दौर में आरोन राय ने 5-अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला। उन्होंने कुल 9-अंडर 271 के स्कोर के साथ स्पेन के जॉन रहम और अमेरिका के एलेक्स स्मॉली को तीन शॉट से पीछे छोड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। राय ने फ्रंट नाइन में कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद शानदार वापसी की। उन्होंने पार-5 नौवें होल पर लगभग 40 फुट लंबा ईगल पुट डाला, जिसने मुकाबले का रुख बदल दिया। इसके बाद बैक नाइन में चार बर्डी लगाकर उन्होंने बढ़त मजबूत की। पार-3 17वें होल पर 68.5 फुट लंबा बर्डी पुट डालकर राय ने जीत लगभग पक्की कर दी। आरोन राय 2022 यूएस ओपन जीतने वाले मैट फिट्जपैट्रिक के बाद किसी मेजर टूनामेंट को जीतने वाले पहले इंग्लिश खिलाड़ी भी बने। इससे पहले अमेरिका के खिलाड़ियों ने लगातार 10 वर्षों तक पीजीए चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। राय ने पहले और 11वें होल पर बेहतरीन एप्रोच शॉट्स के जरिए आसान बर्डी हासिल की। हालांकि तीसरे और छठे होल पर ग्रीन से बाहर शॉट जाने के कारण उन्हें बोगी का सामना करना पड़ा। लेकिन नौवें होल पर शानदार ईगल के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जर्मनी के मैटी श्मिड और एलेक्स स्मॉली भी खिताब की दौड़ में बने हुए थे, लेकिन दोनों अंतिम दौर में दबाव झेल नहीं सके। स्मॉली ने छठे होल पर डबल बोगी कर अपनी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया, जबकि श्मिड का 10वें होल पर बोगी करना राय के लिए फायदेमंद साबित हुआ। उत्तरी आयरलैंड के स्टार खिलाड़ी रोरी मैक्लरॉय ने अंतिम दौर में 69 का कार्ड खेला और कुल 4-अंडर स्कोर के साथ टूनामेंट समाप्त किया। वहीं मौजूदा चैम्पियन और विश्व नंबर-1 स्कॉटी शेफलर 2-अंडर स्कोर के साथ राय से सात शॉट पीछे रहे।

विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर मौजूद आरोन राय के नाम इससे पहले पीजीए टूर पर एक और डीपी वर्ल्ड टूर पर तीन खिताब थे। किसी मेजर टूनामेंट में उनका इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त 19वां स्थान था।

# 'शेखर टुनाइट' को लॉन्च करने में अध्ययन सुमन को लगे चार साल

अभिनेता शेखर सुमन ने करीब 14 साल बाद अपने टॉक शो के साथ दर्शकों के बीच वापसी की है। उनके फैंस बेहद खुश हैं। शो का पहला एपिसोड आ चुका है। शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन इस मौके पर भावुक हैं और एक पोस्ट साझा कर दिल की बातें कही हैं।



शेखर सुमन का शो 'मूवर्स एंड शेकर्स' खूब लोकप्रिय हुआ था। पहली बार यह शो दिसंबर 1997 में टीवी पर प्रसारित हुआ था। लंबे अरसे बाद अब शेखर सुमन एक बार फिर अपना टॉक शो लेकर लौटे हैं। उनके टॉक शो 'शेखर टुनाइट' का पहला एपिसोड आ चुका है। इस बार पिता के इस शो को बेटे अध्ययन सुमन ने बनाया है। इस मौके पर वे बेहद खुश हैं और भावुक भी हैं। अध्ययन सुमन 'शेखर टुनाइट' शो के निर्माता और क्रिएटर हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है और बताया कि इस शो को पेश करने में उन्हें करीब चार साल लगे। इस कड़ी में उन्हें कई बार रिजेक्शन झेलने पड़े। ऐसा लगा, जैसे मानो सभी दरवाजे बंद हो गए हों। मगर, उन्होंने भी अपनी जिद नहीं छोड़ी और आखिरकार यह शो अब सबके सामने है।

**रिश्तों में तनाव की वजह बनती है**

# समानता को स्वीकार न कर पाने की मानसिकता: सबा आजाद



**अभिनेत्री** सबा आजाद जल्द ही कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'हूज योर गायनिक सीजन 2' में नजर आएंगी। इस सीरीज में वे 'डॉ. विदुषी कोठारी' की भूमिका निभाती नजर आएंगी। आगामी सीजन को लेकर अभिनेत्री का कहना है कि सीरीज का मुख्य उद्देश्य उन विषयों पर चर्चा करना है, जिन्हें अक्सर बंद कमरों की चर्चा माना जाता है। उन्होंने बातचीत में बताया, 'सीजन-1 ने सेक्स एजुकेशन और महिलाओं के स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद शुरू किया था। सीजन-2 भी उसी मूल विचार को कायम रखेगा। समाज इन चर्चाओं को जगह मिलना बहुत जरूरी है। इस पर अभिनेत्री का कहना है कि भले ही हम बड़े शहरों में रहते हों, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी पितृसत्तात्मक है। उन्होंने कहा, 'महिलाओं को पुरुषों के बराबर सम्मान पाने के लिए आज भी दोगुना मेहनत करनी पड़ती है। समाज आज भी महिलाओं के फैसलों पर बहुत जल्द अपनी राय बना लेते हैं। हमारा सामाजिक ढांचा पारंपरिक रूप से पुरुषों की सफलता को केंद्र में रखकर बनाया गया है। 'उन्होंने आगे लिखा, 'हमारे देश के कई हिस्सों में महिलाओं को आज भी आजादी से काम करने या अपने फैसले खुद लेने की अनुमति नहीं है। हो सकता है कि शहरों में हमें यह सच्चाई हमेशा दिखाई न दे, लेकिन यह मौजूद है। इसलिए महिलाओं को पेशेवर और घर दोनों जगह लगातार खुद को साबित करना पड़ता है। अगर वे काम करती हैं, तो लोग उन पर उंगलियां उठाते हैं। अगर वे काम नहीं करतीं, तो उन्हें फिर से परखा जाता है।'

# आईपीएल 2026: पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए मुकाबलों में कई स्टार बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को हराया, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को मात दी। इस दौरान ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस भी और रोमांचक हो गई।

**ऑरेंज कैप की दौड़**

विराट कोहली ने पंजाब के खिलाफ 37 गेंदों में 58 रन की अहम पारी खेली। इस पारी के साथ उनके इस सीजन में 542 रन हो गए हैं और वह



ऑरेंज कैप की सूची में शीर्ष के बेहद करीब पहुंच गए हैं। उनसे आगे केवल साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। वहीं कूपर कोनोली ने 22 गेंदों में 37 रन बनाकर इस सीजन में अपने कुल रन 473 तक पहुंचा दिए और वह आठवें स्थान पर पहुंच गए। दिन के दूसरे मुकाबले में केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन की शानदार पारी खेली। इसके साथ उनके 533 रन हो गए और उन्होंने हेनरिक क्लासेन को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल कर लिया। राजस्थान के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रन बनाए और अब वह 486 रनों के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। भुवनेश्वर कुमार इस सीजन में शानदार लय में नजर आ रहे हैं। पंजाब के खिलाफ उन्होंने प्रियंश आर्य और प्रभसिमरन सिंह के विकेट चटकाए और 2/38 का प्रदर्शन किया। हालांकि इस मैच में उनकी इकॉनमी थोड़ी महंगी रही, लेकिन विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा।

इन दो विकेटों के साथ भुवनेश्वर के इस सीजन में 24 विकेट हो गए हैं। वह दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन विकेट आगे हैं। वहीं अंशुल कंबोज उनसे पांच विकेट पीछे हैं।

शाम के मुकाबले में जोफ्रा आर्चर ने 2/35 का प्रदर्शन किया। पिछले तीन मैचों में संघर्ष के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अब 17 विकेट के साथ पर्पल कैप सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शुभेंदु ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की शिकायतें

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को होने जा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सॉल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में ह्यजनता दरबारह्न लगाकर आम लोगों की शिकायतें सीधे सुनीं। सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुख्यमंत्री पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद लॉकेट चटर्जी भी मौजूद रहीं। जानकारी के अनुसार, ह्यजनता दरबारह्न के पहले ही दिन बड़ी संख्या में नौकरी के अभ्यर्थी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शुभेंदु अधिकारी ने सभी की शिकायतों को सुना और नोट करवाया। मुख्यमंत्री लोगों की शिकायतें सुनने के बाद सीधे नवान्न पहुंचेंगे, जहां उनके कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठकें निर्धारित हैं।




सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में आरजी कर प्रकरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध, संस्थागत भ्रष्टाचार, वेतन आयोग और सरकारी कर्मचारियों के लंबित महंगाई भत्ते जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल को जमीन हस्तांतरण सहित कई प्रशासनिक विषयों पर भी बैठक होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि, पिछले सप्ताह हुई पहली मंत्रिमंडल बैठक में राज्य सरकार ने कई बड़े फैसले लिए थे। इनमें आयुष्मान भारत योजना समेत विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं से जुड़ने, सरकारी नौकरियों में आवेदन की आयु सीमा पांच वर्ष बढ़ाने और ह्यअन्नपूर्णा भंडारह्न योजना शुरू करने जैसे निर्णय शामिल थे।

मुख्यमंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि राज्य सरकार सुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ह्यडबल इंजन सरकारह्न की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएगी। इसी बीच राज्य के सरकारी कर्मचारियों की निगाहें भी मंत्रिमंडल की बैठक पर टिकी हुई हैं।

दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती सरकार को सरकारी कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते के भुगतान का निर्देश दिया था। हालांकि निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा भुगतान नहीं हो पाया। वर्ष 2016 से 2019 तक के बकाये का एक हिस्सा चुकाया गया, लेकिन 2008 से 2016 तक का महंगाई भत्ता अब भी लंबित है। प्रदेश में नई सरकार के सत्ता में आने के बाद सरकारी कर्मचारियों के बीच उम्मीद जगी है कि लंबित महंगाई भत्ते के पूर्ण भुगतान पर निर्णय लिया जा सकता है। वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार, केंद्र के बराबर महंगाई भत्ता और वेतन संरचना को लेकर भी नई सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में सातवें वेतन आयोग को लागू करने का वादा किया था। कर्मचारियों का मानना है कि आयोग लागू होने पर उनके वेतन में बड़ा इजाफा हो सकता है। ऐसे में सोमवार की मंत्रिमंडल बैठक के फैसलों पर सरकारी कर्मचारियों से लेकर आम जनता तक की नजर है।

## यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री आवास का किया घेराव



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को लखनऊ में अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर दण्डवत प्रणाम करते हुए प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे धनंजय गुप्ता का आरोप है कि इस प्रकरण पर सरकार कोई पहल नहीं कर रही। इस कारण से मामला लटकता चला जा रहा। इस प्रकरण की पहली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में सितंबर माह 2024 में हुई थी। उसके बाद से लगातार तारीख पर तारीख मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण के निस्तारण के लिए सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया की इस प्रकरण पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट, मुख्यमंत्री द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट और लखनऊ हाई कोर्ट की डबल बेंच का फैसला, सब हमारे पक्ष में है। अभ्यर्थियों ने कहा कि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले लगभग छह वर्ष से लगातार संघर्ष करते आ रहे हैं। सरकार से मांग करते हैं लेकिन हमारी बात नहीं सुनी जा रही। आगामी 19 मई को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपंकर दत्ता एवं जॉर्ज मशीह बेंच में डेट लगा हुआ है। सरकार को कोर्ट में अपना पक्ष रखना है। अगर 19 मई को सरकार अपना पक्ष स्पष्ट रख देती है तो मामले का निस्तारण बहुत जल्द हो जाएगा।

# मध्य प्रदेश लीग का आगाज 3 जून से, इंदौर के विभिन्न मैदानों पर खेले जाएंगे मुकाबले

– उद्घाटन मुकाबला होलकर स्टेडियम में ग्वालियर चीता्स और उज्जैन फाल्कन्स के बीच खेला जाएगा

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) 2026 का आयोजन 3 जून से इंदौर में शुरू होगा। इस बार टूनामेंट का विस्तार किया गया है, जिसमें पुरुष वर्ग की 10 और महिला वर्ग की 5 टीमें हिस्सा लेंगी। मुकाबले इंदौर के विभिन्न मैदानों पर खेले जाएंगे। पुरुष वर्ग के टूनामेंट का उद्घाटन मुकाबला 3 जून को होलकर स्टेडियम में शाम 7:30 बजे ग्वालियर चीता्स और उज्जैन फाल्कन्स के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग की प्रतियोगिता 4 जून से शुरू होगी, जहां पहले मुकाबले में चंबल घड़ियाल्स का सामना ग्वालियर शेरनिस से होगा। यह मैच सुबह 10 बजे डेली कॉलेज, इंदौर में खेला जाएगा।

पूर्व एमपीएल चेयरमैन महानार्यमन सिंधिया ने टूनामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा,ह्नहम मध्य प्रदेश लीग के आगामी सत्र का कार्यक्रम घोषित करते हुए बेहद खुश हैं। इस बार अधिक टीमें, ज्यादा मुकाबले और विस्तारित महिला प्रतियोगिता इसे पहले से कहीं बड़ा और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी। उन्होंने आगे कहा, ह्नयह लीग लगातार मध्य प्रदेश के उभरते क्रिकेटरों को मजबूत मंच प्रदान कर रही है। हमें उम्मीद है कि इस सीजन में दर्शकों को उच्च स्तरीय क्रिकेट और शानदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। महिला प्रतियोगिता में अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। एलिमिनेटर मुकाबला 12 जून को खेला जाएगा, जबकि महिला फाइनल 13 जून को होलकर स्टेडियम में आयोजित होगा। 4 जून से पुरुष वर्ग में डबल हेडर और ट्रिपल हेडर मुकाबलों की शुरूआत होगी। 4 जून को मालवा स्टैलियंस और चंबल घड़ियाल्स के बीच दोपहर 3 बजे मुकाबला होगा। इसके बाद शाम 7:30 बजे भोपाल लेपड्र्स और इंदौर पिंक पैंथर्स आमने-सामने होंगे। पुरुष वर्ग का लीग चरण 24 जून तक चलेगा, जबकि दोनों सेमीफाइनल 25 जून को होलकर स्टेडियम में खेले जाएंगे। एमपीएल 2026 का फाइनल मुकाबला 26 जून को शाम 7:30 बजे इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित होगा। इस बार पुरुष वर्ग में मालवा स्टैलियंस, उज्जैन फाल्कन्स और रॉयल निमाड़ ईगल्स नई टीमों के रूप में शामिल हुई हैं। इनके अलावा भोपाल लेपड्र्स, बुंदेलखंड बुल्स, चंबल घड़ियाल्स, ग्वालियर चीता्स, इंदौर पिंक पैंथर्स, जबलपुर रॉयल लायंस और रीवा जैगुआर्स भी टूनामेंट में हिस्सा लेंगी।

# ग्वालियर : सागरताल के फोम गोदाम में भीषण आग, बाल-बाल बचा पेट्रोल पंप, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

एजेंसी

**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के सागरताल क्षेत्र में सोमवार तड़के एक कबाड़ और गाड़ियों की सीट बनाने वाले गोदाम में भीषण आग लग गई। रिहायशी इलाके में स्थित इस गोदाम में लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास की बस्तियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 15 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, आग सोमवार सुबह करीब 5 बजे लगी। गोदाम में गाड़ियों की सीट बनाने के लिए भारी मात्रा में फोम और ज्वलनशील कबाड़ रखा हुआ था, जिसने लपटों को तेजी से हवा दी। आसमान में उठते काले धुएं और लपटों को देख स्थानीय लोग नींद से जागे और तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचित किया। नजदीकी पुरानी छावनी थाना पुलिस और फायर मुख्यालय से तत्काल रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने सबसे पहले प्रभावित गोदाम के आसपास बने मकानों को खाली कराया।



चश्मदीदों के मुताबिक, यह आग एक बड़ी तबाही का सबब बन सकती थी। घटनास्थल से महज दो-तीन मकानों की दूरी पर एक पेट्रोल पंप और दूसरी तरफ एक मैरिज गार्डन स्थित है। गनीमत रही कि हवा का रुख अनुकूल था और दमकल कर्मियों ने समय रहते मोर्चा संभाल लिया, अन्यथा रिहायशी इलाके में एक बड़ा विस्फोट या भारी जनहानि हो सकती थी। इस हादसे ने एक बार फिर शहर के रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से संचालित हो रहे व्यावसायिक गोदामों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि घनी बस्तियों में कबाड़ और फोम जैसे ज्वलनशील पदार्थों के गोदामों पर सख्त पाबंदी होने के बावजूद, प्रशासन की नाक के नीचे ये धड़ल्ले से चल रहे हैं। फिलहाल, पुलिस आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रही है।

## त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सड़क हादसा, ट्रक पलटने से चार मजदूरों की मौत और छह घायल

एजेंसी

**धलाई (त्रिपुरा) :** त्रिपुरा के धलाई जिला स्थित लोंगतराई वैली उपखंड में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पत्थर के चिप्स से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, ट्रक चावमानु से बीजू बॉर्डर आउट पोस्ट की ओर निर्माण सामग्री लेकर जा रहा था। सीमा क्षेत्र में चल रहे आधारभूत ढांचा निर्माण कार्य के लिए पत्थर के चिप्स पहुंचाए जा रहे थे। इसी दौरान खराब और खड़ी चढ़ाई वाले रास्ते पर ट्रक संतुलन खो बैठा। अधिकारियों ने बताया कि ट्रक चढ़ाई पार नहीं कर सका और पीछे की ओर लुढ़कते हुए पलट गया। ट्रक के ऊपर पत्थरों के ढेर पर बैठे मजदूर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद भारी मात्रा में पत्थर उनके ऊपर आ गिरे, जिससे वे दब गए। हादसे में ट्रक के ऊपर बैठे चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि केबिन में बैठे लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान बालीधनजय त्रिपुरा (47), मजीदा त्रिपुरा (50), बाथोजोय त्रिपुरा (39) और नारजोय त्रिपुरा (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के पीछे खराब सड़क और संभावित लापरवाही जैसे पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी लगातार बढ़ती चली गई। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली का जोर बना कर मार्केट को सपोर्ट करने की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि इन दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार नहीं हो सका। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.36 प्रतिशत और निफ्टी 1.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।



10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोल इंडिया और विप्रो के शेयर 0.99 प्रतिशत से लेकर 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टाटा स्टील, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, श्रीराम फाइनेंस, ट्रेंट लिमिटेड और अदानी पोर्ट्स के शेयर 4.13 प्रतिशत से लेकर 2.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,744 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 425 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,319 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से छह शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 430.02 अंक की कमजोरी के साथ 74,807.97 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी लगातार बढ़ने लगी। हालांकि खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश भी करते रहे। इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल पर अधिक असर नहीं पड़ा। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1,026.08 अंक की गिरावट के साथ 74,211.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 161.30 अंक टूट कर 23,482.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ने के कारण इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से यह सूचकांक गिर कर 23,317.10 अंक के स्तर तक आ गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 314.10 अंक लुढ़क कर 23,329.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 160.73 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,237.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 46.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,643.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### वकील से कथित दुर्व्यवहार मामले में रोहिणी कोर्ट के जज का ट्रांसफर

**नई दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने रोहिणी कोर्ट में वकील के साथ कथित दुर्व्यवहार करने वाले जज का ट्रांसफर कर दिया है। उच्च न्यायालय के नोटिफिकेशन के मुताबिक जज राकेश कुमार पंचम को दिल्ली जुडिशियल एकेडमी के डायरेक्टर के साथ अटैच कर दिया गया है। सोमवार को जज राकेश कुमार पंचम के कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ दिल्ली में वकीलों ने हड़ताल कर रखी है। करीब सभी जिला अदालतों में किसी भी वकील को कोर्ट रुम में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। इस हड़ताल का आह्वान ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली की को-आर्डिनेशन कमेटी ने किया है। दरअसल, 16 मई को रोहिणी कोर्ट में जज राकेश कुमार पंचम की कोर्ट में एक मामले में सुनवाई के दौरान रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव कुमार तेहलान ने पास ओवर (मामले को बाद में सुनने का आग्रह) किया। जज ने इस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके बाद कुछ और वकील भी आ गए और जज और वकीलों के बीच तेज बहस होने लगी। हालात इतने बिगड़ गए कि वकील समुदाय ने इसे घोर न्यायिक कदाचार बताते हुए आरोप लगाया कि जज ने गंदी गालियों और अपमानजनक तू-तड़ाक वाली भाषा का इस्तेमाल किया।

वकीलों ने पूरे मामले की औपचारिक शिकायत दिल्ली उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस के पास दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक जब वकीलों ने जज के अस्थिर शारीरिक व्यवहार और चेहरे पर लाली को देखा तो बार अध्यक्ष ने जज की तत्काल मेडिकल जांच की मांग की।

### आखिरकार ईडी दफ्तर पहुंचा सोना पप्पू, बोला- मैंने कोई गलती नहीं की

**कोलकाता :** लंबे समय से तलाश के बाद आखिरकार विश्वजीत पोद्दार सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सॉल्टलेक स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए पहुंचे। फरवरी में रवींद्र सरोवर कांड में नाम सामने आने के बाद से ही जांच एजेंसियां उनकी तलाश कर रही थीं। हालांकि, बीच-बीच में वह सोशल मीडिया पर लाइव दिखाई दिए, लेकिन जांच एजेंसियों की पकड़ से दूर थे। सोमवार को ईडी कार्यालय पहुंचने के दौरान पत्रकारों ने उनसे संभावित गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, ह्नमैंने कोई गलती नहीं की है। उल्लेखनीय है कि, रवींद्र सरोवर में हुई कथित गड़बड़ी के मामले में सोना पाप्पू का नाम सामने आया था। पिछले अप्रैल में ईडी ने उनके घर पर छापेमारी कर लगभग दो करोड़ नकद बरामद किए थे। इसके अलावा एक महंगी कार और कई संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए थे। ईडी सूत्रों के अनुसार, सोना पाप्पू के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं। उन पर रंगदारी वसूली, धमकी देने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि कस्बा और बालीगंज इलाके में कई सिंडिकेटों का नियंत्रण उसके हाथ में था। उसी से सांठगांठ के आरोप में कोलकाता पुलिस के डीसीपी शांतनु सिन्हा बिस्वास को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल, ईडी अधिकारी उनसे विभिन्न वित्तीय लेनदेन, कथित अवैध संपत्ति और सिंडिकेट संचालन को लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे

**भुवनेश्वर :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन रविवार देर शाम को अपने दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे। भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव और प्रभाती परिडा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजयंत पंडा, सांसद अपराजिता षडंगी और दिल्लीप राय सहित कई मंत्रियों और विधायकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।एयरपोर्ट स्वागत समारोह के बाद नितिन नवीन ने राजकीय अतिथि भवन में रात्रि विश्राम किया। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, नितिन नवीन सोमवार को भाजपा राज्य कार्यालय में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे जटनी स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल हेल्थ एजुकेशन परिसर में भुवनेश्वर संगठनात्मक जिला द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान-2026 शिविर का उद्घाटन करेंगे और उद्घाटन संबोधन भी देंगे। दोपहर में नितिन नवीन पुरी जाएंगे, जहां वे जगन्नाथ मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे तथा महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद वे पुनः भुवनेश्वर लौटकर राज्य पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे।

### ओडिशा दौरे पर नीतिन नवीन, कोर कमेटी बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा

**भुवनेश्वर :** ओडिशा दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार सुबह भुवनेश्वर स्थित भाजपा राज्य कार्यालय में आयोजित पार्टी की राज्य कोर कमेटी की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, राज्य के आर्थिक विकास तथा विभिन्न राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, जुएल ओराम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनमोहन सामल, भाजपा ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर , सह-प्रभारी लता उसेंडी, उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव तथा उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा भी मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव मानस महांति, सांसद प्रताप षडंगी, डॉ. संबित पात्र और अन्य वरिष्ठ नेता भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया पर कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की उपस्थिति में आयोजित राज्य कोर कमेटी की बैठक में वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठनात्मक कार्यों को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार ओडिशा के सर्वांगीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक प्रगति को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक के कल्याण और ओडिशा की गौरवशाली पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### नगर निगम भर्ती घोटाला मामले में पूर्व चेयरमैन पाचू राय से ईडी की पूछताछ

**कोलकाता :** नगर निगम भर्ती भ्रष्टाचार मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण दमदम नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन पाचू राय को सोमवार को पूछताछ के लिए तलब किया। उन्हें सॉल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी कार्यालय बुलाया गया, जहां वह सुबह ही पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका में अवैध नियुक्तियों को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि हाल ही में इसी मामले में गिरफ्तार किए गए राज्य के पूर्व मंत्री सुजीत बोस के साथ पाचू राय का आमना-सामना कराकर भी पूछताछ की जा सकती है। सुजीत बोस फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं। दक्षिण दमदम नगर पालिका में भर्ती प्रक्रिया को लेकर जांच के दौरान सुजीत बोस का नाम सामने आया था। ईडी का आरोप है कि नगर पालिका में अवैध रूप से नौकरी दिलाने के लिए करीब 150 अभ्यर्थियों के नामों की सिफारिश की गई थी।

न्यूज IN ब्रीफ

## व्यक्तित्व निर्माण होना सर्वोपरि : सचिदानंद



**नीलांबर-पीतांबरपुर :** प्रखंड स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में कोटखास में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में एक दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। वही भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रकाश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चे को प्रमाण पत्र दिया गया।

कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे उप जोन समन्वयक सच्चिदानंद तिवारी और जिला समन्वक उपेंद्र मिश्राके नेतृत्व में किया गया। महायज्ञ के दौरान विद्यार्थियों को विद्यारंभ संस्कार कराया गया` शिक्षा और विद्या के वास्तविक अंतर को विस्तारपूर्वक समझाया गया। वक्ताओं ने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त व्यक्तित्व का निर्माण ही सच्ची विद्या है।

इस अवसर पर व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों एवं जीवन में संस्कारों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही प्रखंड समन्वय समिति का पुर्णगठन किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालय के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया` जिससे विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया।दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों में कलश पूजन, हवन एवं संध्या कालीन दीप महायज्ञ आकर्षण का केंद्र रहा। शाम पांच बजे आयोजित दीप महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर बुराइयों को त्यागने और सद्गुणों को अपनाने का संकल्प लिया।आचार्यों ने युग निर्माण योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव में देवत्व के जागरण और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए गायत्री महामंत्र का घर-घर प्रसारण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती समस्याओं का मूल कारण दूषित चिंतन है, जिसे केवल सद्विचार और संस्कारों के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अजीत तिवारी, केंद्रीय पदाधिकारी राम प्रकाश, अवध किशोर राजू राय, बालकेश पासवान, मँदिर समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, नीरज प्रसाद, ओम प्रकाश, संदीप प्रसाद जयराम तिवारी, गायत्री परिवार के देवेंद्र वर्मा, सरिता मेहता, जया देवी, बजरंगी मेहता, मुख्य पुजारी सुभाष मिश्रा, भोलू मिश्रा आदि ने सक्रिय भूमिका निभायी.

## गबन मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहंडा निवासी ललित नारायण को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी के विरुद्ध गबन का मामला दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस द्वारा कांड संख्या 183/24 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## दलमा पहाड़ की तलहटी में विकसित होंगे पार्क : सरयू

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने डीएफओ सबा आलम अंसारी के साथ दलमा पहाड़ की तलहटी का संयुक्त भ्रमण कर तीन स्थानों पर पार्क, तालाब, पाथ-वे व चिल्ड्रेन पार्क बनाने की घोषणा की। ये स्थान चंद्रावती नगर-गोपाल नगर के पीछे, कुमरूम बस्ती के पास और पारडीह के सामने होंगे। श्री राय ने बताया कि इन सुरम्य स्थानों को विकसित कर पर्यटन, पिकनिक व खेलकूद का केंद्र बनाया जाएगा। पारडीह में जर्जर संरचना के पास गाद भरे तालाब को खोदकर पुनर्जीवित किया जाएगा। डीएफओ ने प्रस्तावों पर सहमति जताई। वन महोत्सव पर पहाड़ पर उपयोगी पौधे लगाने व युवाओं के लिए ट्रैकिंग रूट विकसित करने की भी संभावना तलाशी जाएगी।

## रेल यात्री संघर्ष समिति का हस्ताक्षर अभियान कल से

**जमशेदपुर :** रेल यात्री संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को उलीडीह व बमार्माइंस में दो बैठकें हुईं। 17 से 19 मई तक तीन स्थानों पर हस्ताक्षर अभियान सह प्रदर्शन पर विचार हुआ। रविवार को साकची गोलचक्कर पर हस्ताक्षर अभियान होगा, जिसमें विधायक सरयू राय शामिल होंगे। 19 मई को मानगो चौक व बमार्माइंस में शाम 4 बजे से अभियान चलेगा। संयोजक शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में ये आयोजन किए जाएंगे। बैठकों में सुबोध श्रीवास्तव, कन्हैया सिंह, सतीश सिंह, पप्पू राव, कृष्ण मुरारी, विकास साहनी, मुश्ताक अहमद, संजीव सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर किया गया पौधारोपण

**जमशेदपुर :** घाटशिला स्थित सोना देवी विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निदेर्शानुसार, 15 से 23 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत परिसर में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलाधिपति प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने आम, लीची, अमरूद, केला, जामुन और शहतूत जैसे कई फलदार पौधे लगाए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ब्रज मोहन पाट पिंगुआ ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर छात्र को अनिवार्य रूप से एक फलदार पौधा लगाना चाहिए और उसकी जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को पूरी तरह से बंद करने और ऊर्जा संरक्षण को अपनी आदतों में शुमार करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम 15 मई से 5 जून 2026 तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के राष्ट्रव्यापी पूर्व-अभियान का हिस्सा है। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की मुख्य थीम 'जलवायु परिवर्तन' रखी गई है, जिसका उद्देश्य समाज में टिकाऊ जीवन शैली और 'ग्रह-हितैषी' कार्यों को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय ने पर्यावरण सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिसर में वर्षा जल संचयन के विशेष उपाय किए हैं, और अब आगामी दिनों में ऊर्जा संरक्षण, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन व ई-कचरे को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# संघ हमेशा ही समाज में व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए व्यक्ति निर्माण में तत्पर रहा है : राकेश लाल

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** स्थानीय राजा भाउ स्मृति भवन, भारत-माता चौक, में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलब्ध में विभिन्न कार्यक्रमों के श्रृंखला में ₹प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता क्षेत्र समाजिक समरसता प्रमुख श्री राकेश लाल जी द्वारा उदबोधन दिया गया, उन्होंने बताया कि जब देश गुलाम था तभी 1925 में डा. केशव बलिराम हेगवार जी द्वारा राष्ट्रीय संयसेवक संघ का स्थापना किया गया, देश के स्वतंत्रता आंदोलन में संध के स्वंयसेवक शामिल होते रहे परंतु संघ के योगदान को कभी भी प्रचार प्रसार नहीं मिला, आजादी के समय भी बंटवारे की विभिसीका में भी संघ के स्वंयसेवक भी जनता के दुख में उनकी सहायता की। आजादी के बाद भी विभिन्न आपका प्राकृतिक और अन्य आपदा में संध के स्वंयसेवक अपनी सामाजिक कर्तव्य का निर्वहण करते हुए समाज के साथ सदैव खड़े रहे है। संघ हमेशा ही समाज में व्यक्ति के सर्वांगिण विकास को प्राथमिकता देते हुए व्यक्ति निर्माण में तत्पर रहा है। संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण होने पर भी समाज से पंच परिवर्तन का आह्वान कर रहा है। पंच परिवर्तन के विषय पर



विस्तार से चर्चा करते हुए मुख्य उद्घोषक श्री राकेश जी ने कहा कि पंच परिवर्तन का प्रथम विषय - ₹समाजिक समरसता₹ है जिसमें समाज में जातिगत भेदभाव की समाप्ति के साथ ही जातिगत विभेद को समाप्त करना है तथा सभी के अंदर में देश की उन्नति में योगदाना को बढ़ावा देने का भाव पैदा करना है। दूसरे विषय-₹ कुटुंब प्रबोधान₹ के बारे में बताया कि आज एकल परिवार का प्रचलन बढ़ गया है जिससे हमारी पुरानी परंपरा तथा पारिवारिक रिति-रिवाज दुटते जा रहे है, एकल परिवार के कारण ही लव जिहाद की घटना बढ़ रही है, जिसका रोकथाम का एक उपाय परिवार का संयुक्त और सुद्दढ़ होना है साथ ही पुरानी परंपरा और रिति-रिवाज के पुर्नस्थापन से समाजिक एकता भी मजबूत होगी, आज शहरों में एकाकी जिवन के बहुत से दुस्परिणाम भी देखने सुनने को मिलता रहता है, युवा वर्ग आज उचित मार्गदर्शन के अभाव मे दिग्भ्रमित हो रहा हैं संघ समाज से आहवान करता है कि अपने परिवार को सुद्दढ़ करे। तृतिय विषय ₹पर्यावरण₹ है विशय मे जागरूकता के द्वारा समाज में पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना और प्लास्टिक के दुरुपयोग से बचना है जादा से ज्यादा पौधारोपन को बढ़ाना और परिवार के विभिन्न सुअवसरों पर पौधा रोपण परंपरा को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन किया जा सकता है। चतुर्थ विषय - ₹नागरिक कर्तव्ये₹ पर बोलते हुए कहा कि सभी बैठे हुए प्रबुद्ध जन जानकार है तथा नागरिक कर्तव्य के प्रति सजग है, आपके माध्यम से समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि संविधान द्वारा प्रदत नागरिक अधिकार और कर्तष्यों का निर्वहण सभी नागरिकों को करना चाहिए, आज जिस तरह बंगाल में समाज एक जुट होकर वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी किया है ऐसा उदाहरण पुरे देश में दिखाया जाय तो सरकार को अपने अनुसार बनाया या सकता है तथा राज्य और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया जा सकता है।. अंतिम विषय पंच परिवर्तन के अंतिम और पांचवे विषय - स्वदेशी पर बात करते हुए बताया कि स्वदेशी में' से संघ का आशय - स्व₹ के जोर पर ज्यादा है जिसमें स्वभाषा, स्वभूषा , स्व भोजन, के साथ-साथ लोकल वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग प्रसार प्रचार की आवश्यकता है।

आज की गोष्ठी में समाज के सभी वर्गों एवं पेशा से जुड़े गणमान्य और बुद्धिजीवी लोगों की उपस्थिति रही जिनमें वकील, शिक्षक, व्यवसायी प्राध्यापक एवं अन्य कई क्षेत्रों से इसमें बडी संख्या मे भागीदारी रही कार्यक्रम का संचालन नगर संघचालक मनीष वर्णवाल जी अथितियों का परिचय करके कराया गया। गोष्ठी के दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी हुआ जिसमें लोगों द्वारा संघ के बारे में प्रबुद्ध जानो की जिज्ञासा का उतर श्री राकेश जी द्वारा दिया गय।

# राजोगाड़ी-सोंस सड़क निर्माण में फिर बवाल, कटौन्धा के ग्रामीणों ने काम रोका



मेट्रोरेज संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर :** राजोगाड़ी से सोंस तक बन रही पीसीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। शनिवार को हुई सड़क ढलाई के बाद रविवार को कठौन्धा गांव के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सीमेंट और कम मात्रा में सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण सड़क ढलाई के महज एक दिन बाद ही कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी ही दूरी में दर्जनों स्थानों पर पीसीसी सड़क फट चुकी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि अगर सड़क निर्माण के शुरूआती चरण में ही यह स्थिति है, तो भविष्य में सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर कनीय अभियंता अक्सर नदारद रहते हैं, जिसके कारण निर्माण कार्य की निगरानी नहीं हो पा रही है और गुणवत्ता में लगातार कमी देखी जा रही है। इसका फायदा उठाकर ठेकेदार के लोग मनमाने तरीके से सीमेंट, बालू और चारी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।साथ ही 4द में 32बोरी सीमेंट की जगह 20बोरी ही डाले जा रहे हैं`

ग्रामीणों के बुलावे पर मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार ने भी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया तथा ग्रामीणों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जानकारी दूरभाष के माध्यम से स्थानीय विधायक को दी और निर्माण कार्य को तत्काल बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के शुरूआती दौर से ही वे गुणवत्ता को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई है और न ही निर्माण कार्य की जांच कराई गई है।ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी संवेदक एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जा सके और क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क उपलब्ध हो सके।

## भुवनेश्वर में कराईकेला के निकिता साहू को मिला 'प्रो. राजकिशोर मेमोरियल अवार्ड'



### भारत सरकार ने भी किया है सम्मानित

संवाददाता

**चक्रधरपुर:** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित प्रतिष्ठित उत्कल रंगमंच में आयोजित 'आनंद उत्सव - 2026' के दौरान एक भव्य समारोह में होनहार छात्रा और कला साधक पश्चिमी सिंहभूम जिला के कराईकेला निवासी समाजसेवी प्रशांत साहू एवं धर्मपत्नी अनिता साहू की पुत्री निकिता साहू को प्रतिष्ठित 'प्रो. राजकिशोर मेमोरियल अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान संस्था की ट्रस्टी श्रीमती पुष्पिता मिश्रा और श्री अंशुमान मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया।

शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में लहराया परचम

निकिता साहू ने शिक्षा और कला के क्षेत्र में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वे उत्कल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर के अंतर्गत आने वाले बीजू पटनायक डिग्री कॉलेज ऑफ साइंस एंड एजुकेशन से इंग्लिश ऑनर्स की टॉपर रही हैं। उनकी इसी असाधारण प्रतिभा और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उन्हें भारत सरकार की ओर से भी पहले सम्मानित किया जा चुका है।

सांस्कृतिक संध्या में उमड़े कला प्रेमी

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस गरिमामय समारोह में शिक्षा, साहित्य और कला जगत की कई दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान निकिता साहू को अवार्ड मिलने पर पूरे प्रेक्षागृह ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि निकिता जैसी युवा प्रतिभाएं समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को जिस तरह सहेजा है, वह सराहनीय है। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद निकिता साहू ने अपने शिक्षकों, परिवार और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## आखिरी मैच जीतकर सीजन का करेंगे शानदार समापनः तलाल

संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी के मिडफील्डर मदीह तलाल ने कहा कि टीम 21 मई को ओडिशा एफसी के खिलाफ फर्नेस में होने वाले आखिरी लीग मैच में पूरी ताकत लगाकर जीत हासिल करेगी। तलाल ने कहा, ह्लहमारा लक्ष्य तालिका में जितना संभव हो उतना ऊपर स्थान बनाना है, इसके लिए आखिरी मैच जीतना जरूरी है।ह्व उन्होंने बेंगलुरु से मिली हार को निराशाजनक बताते हुए कहा कि टीम अब ओडिशा पर फोकस कर रही है। तलाल ने प्रशंसकों से अंतिम होम मैच में टीम का समर्थन करने की अपील की। फिलहाल 12 मैचों में 21 अंकों के साथ टीम तीसरे स्थान पर है।

## करनडीह में इंटरनेट टावर झुका, नहीं लिया कोई संज्ञान

संवाददाता

**जमशेदपुर :** करनडीह स्थित बिजली विभाग कैंपस के भीतर इंटरनेट टावर तेज आंधी-बारिश में क्षतिग्रस्त होकर मुख्य सड़क की ओर खतरनाक रूप से झुक गया। गनीमत रही कि टावर हाई वोल्टेज तार पर नहीं गिरा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। यह घटना शुक्रवार शाम पांच बजे की है, लेकिन शनिवार शाम चार बजे तक किसी भी विभागीय अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने विभागीय लापरवाही पर रोष जताया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता है।

# जिला स्थापना महोत्सव का आयोजन एक सकारात्मक पहल है : नवल

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी एवं मनोरंजन भोजपुरी साहित्य परिषद के संयुक्त तत्व अवधान में 43 व साहिबगंज जिला स्थापना महोत्सव 2026 आयोजित करने के संबंध में आयोजन समिति की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मनोजकुमार झा ने किया।मुख्य अतिथि दीपा देवी एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद वर्षा कुमारी ने किया।कार्यक्रम का आयोजन एनआर सेंटर विद्यालय के सभागार में हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम का विषय प्रवेश करते हुए करते हुए आयोजन प्रमुख सच्चिदानंद ने कहा कि साहिबगंज जिले का 43 वॉ स्थापना दिवस आयोजन की संभावित तिथि 21- 22 जून 2026 निर्धारित किया गया है।स्थापना दिवस मनाने का प्रारंभ गैर सरकारी स्तर से 2025 में प्रारंभ किया गया।पर्यावरणविद् एवं ₹जल मंच₹ के अध्यक्ष नवल कुमार झा ने कहा कि जिला स्थापना महोत्सव का आयोजन एक सकारात्मक पहल है।वर्ष 1989 में साहिबगंज जिला का स्थापना हुआ और तब से जिला निरंतर विकसित और संसाधनों की वृद्धि हुई है।साहिबगंज जिला हर क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य खेल पर्यावरण कला और संस्कृति के क्षेत्र में निरंतर बेहतर



प्रदर्शन किया है।जिससे राज्य और देश स्तर पर इसकी पहचान बनी है।शिक्षाविद प्रधानाचार्य मनोज कुमार झा ने कहा कि इस अवसर पर साहिबगंज की उपलब्धियां और विशेषताओं विशेष कर पर्यावरण पर्यावरण पारिस्थितिकी फॉसिल राजमहल की पहाड़ियां विषयक स्कूल और महाविद्यालय स्तर पर वाद विवाद आलेख एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने का सुझाव दिया।जिला भूतपूर्व सैनिक संघ के संरक्षक सार्जेंट मेजर सेवानिवृत नगेंद्रनाथ साहा ने विगत वर्ष में आयोजित स्थापना महोत्सव के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी एवं मनोरंजन भोजपुरी परिषद में गत वर्ष से जिला स्थापना दिवस महोत्सव आना आयोजित करने की परंपरा प्रारंभ किया है।वार्ड पार्षद वर्षा कुमारी ने कहा कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समाजसेवी व्यक्तिगत और संस्थागत शिक्षा, चिकित्सा कला के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला वासियों को सम्मानित करने का भी विचार रखा और इसके लिए एक चयन समिति गठन करने का सुझाव दिया।मनोरंजन भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष सरिता मिश्रा ने कहा कि स्थापना महोत्सव की संभावित तिथि को आम नागरिकों से दीपोत्सव मनाने की अपील करने की बात कही अपने-अपने मकान और घरों को दिए की रोशनी से जगमग करने का सुझाव दिया।मुख्य अतिथि दीपा देवी वार्ड पार्षद ने कहा कि कार्यक्रम में जिला के अधिक से अधिक लोग भाग ले और सहयोग करें ताकि यह कार्यक्रम बेहतर ढंग से संपन्न हो सके।महिलाओं को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जोड़ने पर बल दिया।बच्चू लाल सचिव हंस मनोरंजन जगत ने कहा कि गत वर्ष के बेहतर स्थापना महोत्सव का मैं साक्षी हूं। सफल आयोजन के लिए धन के प्रबंधन पर बल दिया।धन के प्रबंध के संबंध में सुझाव दिया कि स्मारिका हेतु आम नागरिकों संस्थाओं समाजसेवियों,विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से विज्ञापन के रूप में आर्थिक सहयोग प्राप्त करने पर बल दिया।डॉ सच्चिदानंद,सचिव झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी ने कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के अनेक नाम की चर्चा करते हुए कहा कि कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ बिहार लोक कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक,रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के वर्तमान अध्यक्ष आध्यात्मिक प्रमुख स्वामी गौतमानंदजी महाराज,विकास भारती के संस्थापक अशोक भगत,रांची,प्रसिद्ध कवि लेखक साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता डार्क हॉर्स के लेखक नीलोत्पल मृणाल,संकल्प सृष्टि संस्थान,कोलकात्ता के सचिव अविनाश कुमार गुप्त जिला स्थापना महोत्सव हेतु मुख्य अतिथि के लिए संपर्क करने की बात कही।इस वर्ष कवि सम्मेलन आयोजित करने पर भी चर्चा की गई भारतीय कला मंदिर के अध्यक्ष नवल किशोर ने कहा कि ऐसे ही आयोजनों से भावी पीढ़ी में एक बेहतर संदेश साथ ही जिला विकास के क्रमिक इतिहास को समझने के लिए ऐसे आयोजनों की जरूरत है।धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता नीरज रामेश्वरम ने किया।मौके पर राहुल कुमार दूबे,अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्ता नीरज रामेश्वरम,विमल किशोर मुर्मू,श्वेता आनंद मुख्य रूप से उपस्थित थे।